# घटती घटना

सत्य के साथ...जनहित में बात...

अम्बिकापुर,वर्ष 22, अंक - 15- शनिवार 15- नवम्बर 2025,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये ,www.ghatati-ghatana.com,RNI Reg.No.- CHHHIN/2004/15050,डाक पंजीयन. क्रं. 13/Surguja DN/ 2023-2025

## बिहार में एनडीए की आंधी में बुझी लालटेन!

# एनडीए ने जमाया दोहरा 'शतक'

## महागठबंधन अर्धशतक को तरसा.......



**पटना, 14 नवम्बर 2025।** बिहार चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। एनडीए ने चुनाव परिणाम में दोहरा शतक जमा चुकी है जबकि महागठबंधन अर्धशतक को भी तरस गया है। 243 में से 202 सीटों के साथ एनडीए रिकॉर्ड जीत की ओर है। जबकि महागठबंधन के खाते में 35 सीटें आ रही हैं। इस बीच पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा है कि ये सुशासन की जीत है। एनडीए को 2020 के मुकाबले 70 से ज्यादा सीटों का फायदा हो रहा है, वहीं महागठबंधन को लगभग इतनी ही सीटों का नुकसान हो रहा है। प्रचंड जीत के बीच सम्राट चौधरी, ललन सिंह ने नीतीश कुमार से मुलाकात की। पिछली बार 43 सीटों पर सिमटी जेडीयू की झोली में इस बार 80+ सीटें हैं। वहीं 91 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बड़े चेहरों में राघोपुर से तेजस्वी यादव करीब 12 हजार वोटों से जीत गए हैं। वहीं बड़े भाई तेजप्रताप की महुआ से हार लगभग तय है। दोनों डिप्टी सीएम की जीत तय है। महागठबंधन में राजद के खाते में 26, जबकि कांग्रेस 4 सीटों पर जीत की ओर है। पीके की पार्टी जन सुराज और वीआईपी का खाता भी नहीं खुला है। निर्दलीय समेत अन्य सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं।



# बिहार चुनाव की जीत का जश्न दिल्ली में, पीएम मोदी बोले...यह सुशासन, विकास की जीत

**नई दिल्ली, 14 नवम्बर 2025।** भाजपा ने बिहार में एनडीए की जीत का शुक्रवार को दिल्ली हेडक्वार्टर में जश्न मनाया। इस मौके पर पीएम ने 42 मिनट के भाषण में कहा,बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया। अब कट्टा सरकार कभी वापस नहीं आएगी। उन्होंने छठी मईया के जयकारे भी लगाए। उन्होंने कहा कि जो छठ पूजा को ड्रामा कह सकते हैं,वे बिहार की क्या इज्जत करेंगे। इस दौरान कांग्रेस,आरजेडी,पश्चिम बंगाल, केरल तमिलनाडु चुनाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में भी भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब मुस्लिम लीगी माओवादी पार्टी बन गई है। पीएम शाम 6 बजकर 51 मिनट पर मुख्यालय पहुंचे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का गमछा लहराकर अभिवादन किया। सारे कार्यकर्ताओं ने भी गमछा लहराकर इसका जवाब दिया। मैं कहता हूं कि आपकी आशा मेरा संकल्प है। आपकी आकांक्षा मेरी प्रेरणा है। अब का बिहार विकसित होगा। भाजपा की ताकत उसका कार्यकर्ता है। भाजपा का कार्यकर्ता कुछ ठान लेता है तो कुछ भी असंभव नहीं रह जाता है। आज की विजय ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को केरल, तमिलनाडु, असम, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल में भी नई ऊर्जा से भर दिया है। यहां गंगा जी, बिहार से बहते हुए ही बंगाल तक पहुंचती है। बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बना दिया है। मैं बंगाल के भाई-बहनों से कहता हूं कि भाजपा आपके साथ मिलकर बंगाल से जंगलराज को उखाड़ फेंकेगी।

### यह सुशासन,विकास की जीत : मोदी

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर बिहार चुनाव के नतीजों पर लिखा कि 'सुशासन की जीत हुई है। विकास की जीत हुई है। जन-कल्याण की भावना की जीत हुई है। सामाजिक न्याय की जीत हुई है। बिहार के मेरे परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार, जिन्होंने 2025 के विधानसभा चुनावों में एनडीए को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत का आशीर्वाद दिया है। यह प्रचंड जनादेश हमें जनता-जनार्दन की सेवा करने और बिहार के लिए नए संकल्प के साथ काम करने की शक्ति प्रदान करेगा।' 'मैं एनडीए के प्रत्येक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अथक परिश्रम किया है। उन्होंने जनता के बीच जाकर हमारे विकास के एजेंडे को सामने रखा और विपक्ष के हर झूठ का मजबूती से जवाब दिया। मैं उनकी हृदय से सराहना करता हूं!' पीएम मोदी ने लिखा कि 'आने वाले समय में हम बिहार के विकास, यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और राज्य की संस्कृति को नई पहचान देने के लिए बढ़-चढ़कर काम करेंगे।

### बिहार में विश्वास रखने वाले हर बिहारवासी की जीत : शाह

बिहार के नतीजों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'यह विकसित बिहार में विश्वास रखने वाले हर बिहारवासी की जीत है। जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले किसी भी भेष में आएं, उन्हें लूटने का मौका नहीं मिलेगा। जनता अब सिर्फ और सिर्फ प्रदर्शन की राजनीति के आधार पर जनादेश देती है। नरेंद्र मोदी जी और नीतीश कुमार जी व एनडीए के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। साथ ही अपने अथक परिश्रम से इस परिणाम को चरितार्थ देने वाले बूथ कार्यकर्ताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं का अभिवादन करता हूं।' अमित शाह ने कहा कि 'बिहारवासियों का एक-एक वोट भारत की सुरक्षा और संसाधनों से खेलने वाले घुसपैठियों और उनके हितैषियों के खिलाफ मोदी सरकार की नीति में विश्वास का प्रतीक है। वोटबैंक के लिए घुसपैठियों को बचाने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है। बिहार की जनता ने पूरे देश का मूड बता दिया है कि मतदाता सूची शुद्धिकरण अनिवार्य है और इसके खिलाफ राजनीति की कोई जगह नहीं है। इसीलिए राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस आज बिहार में आखिरी पायदान पर आ गई है।'

### बिहार ने सही समय पर सही फैसला लिया, विकास पर भरोसा जताया : चिराग पासवान

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद गठबंधन राजनीति और जनादेश को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने बातचीत में बिहार की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए चुनाव परिणाम को 'सही समय पर लिया गया सही फैसला' बताया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने विकास, स्थिरता और ईमानदार शासन के पक्ष में मतदान किया है। चिराग पासवान ने कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार पूरी मजबूती और प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जनता का यह जनादेश राज्य में तेज गति से विकास और सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, 'हमारी डबल इंजन की सरकार एक ईमानदार प्रयास के साथ बिहार को आगे बढ़ा रही है। जनता के बीच यह विश्वास बना है कि जहां हमारा गठबंधन विकास की बात करता है, वहीं दूसरी तरफ एक ऐसा गठबंधन खड़ा है जो केवल अहंकार में डूबा हुआ है।' चिराग ने विपक्षी महागठबंधन पर भी सीधा हमला बोला।

### नीतीश कुमार ने राज्य के सभी मतदाताओं का जताया आभार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली निर्णायक एवं ऐतिहासिक बढ़त पर सभी मतदाताओं का आभार जताया है। नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा, 'बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। इसके लिए राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद।' नीतीश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनसे मिले सहयोग के लिए उनका नमन करते हुए हृदय से आभार एवं धन्यवाद। राजग ने इस चुनाव में पूरी एकजुटता दिखाते हुए भारी बहुमत हासिल किया है। इस भारी जीत के लिए राजग के सभी साथियों- चिराग पासवान, जीतन राम मांझी एवं उपेन्द्र कुशवाहा का भी धन्यवाद एवं आभार। आप सबके सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा तथा देश के सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

## बिहार की जनता ने काम और प्रगति के नाम पर वोट दिया : नितिन गडकरी



**नई दिल्ली, 14 नवम्बर 2025।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की एकतरफा जीत पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसे जनता द्वारा विकास कार्यों पर दर्ज की गई ऐतिहासिक मुहर बताया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने जातिवाद की राजनीति को खारिज करते हुए डबल इंजन सरकार के कामकाज पर भरोसा जताया है। गडकरी ने कहा कि बिहार में सड़क, पानी, बिजली, उद्योग और समग्र विकास जैसे प्रमुख मुद्दों पर पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए कामों को जनता ने सराहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह का समर्थन बिहार की जनता ने एनडीए को दिया है, वह अभूतपूर्व है और यह जीत बिहार को एक विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। गडकरी ने बिहार की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जीत के लिए धन्यवाद दिया।

## भारतीय वायु सेना का पीसी-7 ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त



**नई दिल्ली, 14 नवम्बर 2025।** भारतीय वायु सेना का एक पीसी-7 ट्रेनिंग विमान शुक्रवार को चेन्नई के तांब्रम के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था और दुर्घटना में दोनों पायलटों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वायु सेना के अधिकारियों ने दुर्घटना की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। विमान दोपहर करीब 1:45 बजे स्टेशन से उड़ान भरा था। यह एक रूटीन ट्रेनिंग फ्लाइट थी, जिसमें पायलटों को बेसिक फ्लाइंग स्किल्स सिखाए जाते हैं। लगभग दो बजे विमान अचानक नीचे गिर गया। दुर्घटना तांब्रम के पास हुई, जो चेन्नई के सुलुर एयर बेस के नजदीक है। दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। उन्हें मामूली चोटें आईं, जिनका तुरंत इलाज कर दिया गया। वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि पायलट ने बहादुरी दिखाई और इमरजेंसी प्रक्रिया का पालन कर खुद को बचा लिया। दुर्घटना के तुरंत बाद वायु सेना की आपातकालीन टीम और स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। उन्होंने पायलटों को सुरक्षित बाहर निकाला और विमान के आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित किया। पीसी-7 ट्रेनिंग विमान को काफी नुकसान हुआ है।

# विकास के रोडमैप ने बिहार की धरती पर जंगलराज को 'नो एंट्री' का दिया स्पष्ट संदेश : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली, 14 नवम्बर 2025।** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की महाजीत को लेकर भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में जश्न का माहौल है। इस जश्न के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पहुंचे। मुख्यालय में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने भी गमछा को हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार की



जनता का आभार व्यक्त करते हुए अपने संबोधन में कहा कि बिहार चुनाव के नतीजे बताते हैं कि यह सुनामी है। बिहार की जनता के साथ देश की जनता ने प्रधानमंत्री पर अटूट विश्वास व्यक्त किया है। यह चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास बनाम जंगलराज का था। लोगों ने विकास पर मुहर लगाई। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास की राजनीति है। जनता ने डबल इंजन की सरकार को स्पष्ट बहुमत देकर सुनामी के रूप में स्पष्ट कर दिया है। रोडमैप विकास का जंगलराज को नो इंट्री का स्पष्ट संदेश दे दिया है। उन्होंने कहा कि साल 2024 के आम चुनाव में एनडीए की कुछ सीटें कम हो गई थी। भारत की जनता को यह नागवार गुजरी है। यह उनके मन में दर्ज उनकी पीड़ा जिसके तहत भारत की जनता ने तय किया कि अगले कोई भी चुनाव में मोदी के प्रति अटूट विश्वास जगाएं। अटूट प्रेम और विश्वास भारत की जनता ने 2024 के बाद हर चुनाव में स्पष्ट बहुमत दिया। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार की हैट्रिक लगी। महाराष्ट्र में भी लोकसभा में कुछ सीटें कम हुई लेकिन विधानसभा चुनाव में उन्होंने सूद समेत एनडीए की वापसी की। जब दिल्ली के चुनाव आए तो दिल्ली की जनता ने भी तीन दशक बाद यहां भाजपा की सरकार बनाई। देश की जनता ने मान लिया है कि अब दोबारा यह गलती नहीं होगी। इसलिए जब जब चुनाव हो रहे हैं जनता मोदी को अपना बेशुमार प्यार दे रही है।

# छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बिहार चुनाव परिणाम पर मनाया जश्न...

## मनोज तिवारी के लोकप्रिय गीत पर झूमते दिखे मंत्री और कार्यकर्ता





**एमसीबी, 14 नवम्बर 2025।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम आने के बाद पूरे देश में एनडीए कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर देखने को मिली, छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं रहा। बिहार में एनडीए की जीत पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार जश्न मनाया। जैसे ही बिहार के परिणाम साफ हुए,भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का स्वागत किया,इसी बीच मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का उत्साह भी चरम पर दिखाई दिया। वह भाजपा समर्थकों के बीच लोकप्रिय भोजपुरी गायक और सांसद मनोज तिवारी के सुपरहिट गीत 'ही ही ही हँस देली रिंकिया के पापा' पर झूमते हुए नजर आए, मंत्री और कार्यकर्ताओं की यह खुशी साफ दिखा रही थी कि बिहार में एनडीए का जनादेश उन्हें कितना उत्साहित कर रहा है। मंत्री जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ खुशी साझा करते हुए कहा कि बिहार का यह परिणाम एनडीए की नीतियों और मजबूत नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाता है। जश्न के दौरान पूरे माहौल में उत्साह, तालियां और भोजपुरी गीतों की गूंज सुनाई देती रही।

## जहां-जहां राहुल गांधी जाते हैं,वहां-वहां भाजपा जीतती है : डॉ. हिमंत बिस्व सरमा



**गुवाहाटी, 14 नवम्बर 2025।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जहां भी चुनाव प्रचार के लिए जाते हैं, वहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत लगभग तय हो जाती है। एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार चुनाव में भी यही देखने को मिला। उन्होंने राइजर दल के प्रमुख अखिल गोगोई पर भी कटाक्ष करते हुए कहा, 'जहां अखिल गोगोई रहते हैं, वहां स्थिति ऐसी हो जाती है जैसे दूध में नमक पड़ जाए।' मुख्यमंत्री सरमा ने आगे कहा कि विपक्ष 'होटल लीली' में समय बिताता है, जबकि भाजपा जनता के बीच रहकर काम करती है। वहीं बिहार में भाजपा गठबंधन की हुई भारी जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्घेरीटा ने कहा कि जैसे बिहार की जनता ने तेजस्वी यादव को सत्ता देने से इनकार किया, उसी तरह असम की जनता भी ऐसे नेतृत्वों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिल गोगोई अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं कर पाए हैं, इसलिए असम की जनता उन्हें कभी गंभीर नेतृत्व के रूप में नहीं देखेगी। वहीं, गौरव गोगोई जोरहाट से सांसद होकर भी जोरहाट में नहीं जाते हैं। उन्होंने अब तक सिर्फ जोरहाट को लेकर छह चीट्ठियां लिखी हैं।

## संपादकीय

# भविष्य को आकार दे रही तकनीक

## भारत के लिए आवश्यक है कि वह अपनी रणनीति बदले

हाल में आए एक आंकड़े से पता चला कि चीन अमेरिका की तुलना में 2.5 गुना ज्यादा बिजली उत्पन्न करता है और उसका लक्ष्य हर साल एक जर्मनी के बराबर बिजली उत्पादन जोड़ने का है। एलन मस्क का भी कहना है कि अगले तीन-चार वर्षों में चीन में सौर ऊर्जा का उत्पादन अमेरिका के सभी स्रोतों से संयुक्त रूप से अधिक होगा। वास्तव में भविष्य को आकार देने वाली तकनीक के युग में चार तकनीकें तय करेंगी कि कौन आगे रहेगा-ऊर्जा, गतिशीलता (मोबिलिटी),एआइ और युद्ध की रणनीति (वारफेयर)।

वर्ष 2010 से अब तक चीन का बिजली उत्पादन दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर 10,000 टेरावाट-घंटा हो गया है, जबकि अमेरिका पिछले एक दशक से 4,000 टेरावाट-घंटा पर ठहरा हुआ है। असल बात यह है कि चीन सिर्फ बिजली की दौड़ नहीं जीत रहा, बल्कि वह यह स्वच्छ ऊर्जा के साथ कर रहा है। सिर्फ 2025 की पहली छमाही में चीन ने 212 गीगावाट सौर ऊर्जा जोड़ी, जो अमेरिका की कुल स्थापित क्षमता से भी अधिक है।

2024 में चीन ने 14.4 गीगावाट हाइड्रोपावर जोड़ी,जो कई देशों के कुल उत्पादन से अधिक है और 58.7 गीगावाट पंप्ड-स्टोरेज हाइड्रो तक पहुंच गया है एवं 200 गीगावाट से अधिक निर्माणाधीन है। वह परमाणु ऊर्जा में भी सक्रिय है,जहां 30 रिएक्टर निर्माणाधीन हैं। कम वाणिज्यिक बिजली दरों और विशाल विनिर्माण की बदौलत बैटरी क्षेत्र में चीन ने फिर से ग्लोबल सप्लाई-चेन रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। सौर विनिर्माण की हर अवस्था में चीन की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक है। ऊर्जा वह कच्चा माल है,जो बाकी सभी मूलभूत तकनीक को चलाएगा। चीन इसमें में काफी आगे निकल चुका है और उन कीमतों पर, जिनसे कोई मुकाबला नहीं कर सकता।

गतिशीलता में भी चीन आगे है। उसने इलेक्ट्रिक वाहनों पर वर्चस्व स्थापित कर लिया है। 2024 में चीन ने वैश्विक इलेक्ट्रिक कार बिक्री का लगभग दो-तिहाई हिस्सा अपने नाम किया। घरेलू बाजार में हर महीने बेची जाने वाली आधी कारें इलेक्ट्रिक हैं और दुनिया के शीर्ष 10 इलेक्ट्रिक वाहन के ब्रांडों में से छह अब चीनी हैं। चीन के वाहन अब उभरते बाजारों पर कब्जा कर रहे हैं। चीन में 100 से अधिक कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहन बनाती हैं। एआइ के नए माडल बनाने में अब भी अमेरिका आगे है,लेकिन जब एआइ का फोकस नवाचार से विस्तार पर शिफ्ट हो रहा है, तो असली जीत सिर्फ माडल की बेंचमार्क से नहीं,बल्कि कंप्यूटर के लिए ऊर्जा, डाटा की उपलब्धता, नियामक गति और एप्लीकेशन अपनाने की दर से तय होगी।

अमेरिका के लिए आज की सबसे बड़ी बाधा है ऊर्जा। जहां अमेरिका ऊर्जा स्वतंत्रता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है, चीन ने उस समस्या को पहले ही हल कर लिया है।

# बिहार में बड़बोली राजनीति की हार

**बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं अनूठी जीत ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व,गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रणनीति और उनकी जनस्वीकार्यता आज भी भारतीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाती है। यह जीत सिर्फ एक गठबंधन की सफलता नहीं,बल्कि बिहार के भविष्य की नई रूपरेखा का संकेत है। नीतीश कुमार के अनुभवी नेतृत्व,भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और उभरते हुए युवा सितारे चिराग पासवान के प्रभावी प्रदर्शन ने मिलकर इस चुनाव को एनडीए के पक्ष में एक मिसाल बना दिया।**



ललित गर्ग
पटपड़गंज,दिल्ली



एनडीए की जीत के पीछे उनके 10 प्रमुख वादे हैं जिनमें पंचामृत गारंटी,रोजगार सृजन,मुफ्त शिक्षा, महिलाओं के लिए योजनाएं, कृषि सुधार और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। इस बार के चुनाव इसलिये भी ख़ास रहे क्योंकि 1951 के बाद बिहार में इस बार सबसे ज्यादा वोट पड़े।

इस बार बिहार में 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ जो कि पिछले विधानसभा चुनाव से 9.6 प्रतिशत ज्यादा है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान 8.15 प्रतिशत ज्यादा रहा है। इस बार के मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.98 प्रतिशत रही और महिलाओं की 71.78 प्रतिशत। बिहार में 3.51 करोड़ महिला वोटर हैं और 3.93 करो पुरुष वोटर और कुल मतदाताओं की तादाद 7.45 करो है। बिहार विधानसभा चुनाव के ताजा रुझानों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( एनडीए ) के 200 सीटों के आंकड़े को पार कर रहा है, इस जनादेश में महिला मतदाताओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि एकतरफा बिहार की महिलाओं का विश्वास जीत गया है,एनडीए विजयी हुआ है,बिहार विजयी हुआ है और महागठबंधन का बे बोलापन हारा है।

महागठबंधन की करारी हार अपने आप में कई सवाल छोड़ती है। चुनावी रैलियों में भी जरूर इकट्ठी हुई,भाषणों में तीखे हमले भी हुए,लेकिन विपक्ष जनता का विश्वास जीतने में विफल रहा। नेतृत्व की अस्पष्टता,रणनीति की कमी, और विकास तथा सुशासन पर ठोस विजन की गैर-हाजिरी ने जनता को यह सोचने पर मजबूर किया कि सत्ता परिवर्तन से स्थिरता नहीं, बल्कि अनिश्चितता बे सकती है। महागठबंधन बार-बार सामाजिक न्याय और पुराने नारों की दुहाई देता रहा,लेकिन आज का बिहार उन नारों से अधिक उम्मीदें रखता है-रो गार, सुरक्षा,कानून व्यवस्था और बुनियादी सेवाओं की निरंतरता। इन मुद्दों पर विपक्ष का स्पष्ट और भरोसेमंद खाका सामने नहीं आ सका। यही कारण है कि उसके नेताओं की बड़बोली बयानबाजी जनता पर असर नहीं डाल सकी,बल्कि कई जगह उलटा असर दिखा गई।

इसके विपरीत एनडीए ने अपने चुनाव अभियान को स्थिरता . विकास के सूत्र में पिरोया। मोदी की राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता, केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी नीतियां-योजनाएं और नीतीश कुमार की सुशासन-छवि ने बिहार के मतदाता को यह भरोसा दिया कि यह गठबंधन अनुभव, विश्वास, विकास और नीतिगत दृढ़ता का सही मिश्रण है। नीतीश कुमार भले कई राजनीतिक मोड़ों के लिए आलोचित हुए हों,लेकिन जनता के मन में उनकी छवि एक ऐसे प्रशासक की बनी हुई है, जो लंबे समय से बिहार को कानून-व्यवस्था,महिला सशक्तिकरण, सड़क-निर्माण और शिक्षा सुधार जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहा है। इस छवि का लाभ एनडीए को व्यापक रूप से मिला। भाजपा की संगठनात्मक मशीनरी ने बूथ तक प्रभावी और लक्षित पहुंच बनाई, जिससे मतदाताओं में यह भरोसा मजबूत हुआ कि केंद्र व राज्य का समन्वय विकास की गति को और तेज करेगा। इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के मोहरा नहीं,बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई। एनडीए के भीतर उनकी भूमिका महज सांकेतिक नहीं थी,बल्कि वास्तविक जनाधार और असर से भरपूर रही। सीटों पर उनकी उल्लेखनीय पकड़ ने यह संदेश दिया कि वे आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित कर सकते हैं। यह भी सच है कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता नीतीश कुमार के लिए संतुलन साधने की चुनौती भी बन सकती है,लेकिन यदि गठबंधन समन्वय बनाए रखता है,तो बिहार को इससे मजबूत नेतृत्व का लाभ मिल सकता है। अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार किस दिशा में आगे बढ़ेगा। जनता की अपेक्षाएँ बहुत ऊँची हैं-सुरक्षित समाज, संवेदनशील प्रशासन,भ्रष्टाचार पर अंकुश और विकास की तेज रफ्तार। कानून-व्यवस्था बिहार की राजनीति का सबसे संवेदनशील मुद्दा रहा है। लोग चाहते हैं कि अपराध-नियंत्रण में सुधार हो,पुलिस प्रशासन आधुनिक और जवाबदेह बने,और न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी आए। एनडीए के पास केंद्र और राज्य दोनों के संसाधन और राजनीतिक सामर्थ्य है,इसलिए उससे उम्मीद यह है कि वह सुशासन का दूसरा अध्याय लिखने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा।

भाजपा न सिर्फ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, बल्कि जेडीयू के बगैर भी वह एनडीए के अन्य सहयोगियों के साथ जादुई आंकड़े को पार करती नजर आ रही है। ऐसे में नीतीश कुमार के लिए भाजपा के साथ किसी तरह का बिहार में बार्गेनिंग करना आसान नहीं रह गया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से यह बार-बार दोहराया गया है कि चुनाव के बाद भी परिणाम चाहे जो भी आएं, गठबंधन के चेहरे नीतीश कुमार ही बने रहेंगे। जेडीयू की ओर से भी यह बात दोहराई गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। फिलहाल इस पूरे चुनाव में महिला वोटर्स गेम चेंजर बताई जा रही हैं और ऐसा हुआ बिहार चुनाव से पहले महिला रोजगार योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे जाने से। वहीं चुनाव में महागठबंधन को बड़ा झटका लगा है।निश्चित ही इन चुनाव परिणामों में बिहार का मतदाता अधिक सजग एवं विवेकशील दिखाई दिया हैं। वह जानता है कि सत्ता परिवर्तन से अधिक जरूरी है संस्कृति परिवर्तन,राजनीतिक शुचिता, विकास,कानून व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही। इस चुनाव ने केवल विधानसभा की सीटें तय नहीं की है, बल्कि यह तय किया है कि अब बिहार की जनता अपनी पुरानी परछाइयों से निकलकर प्रकाश की ओर बढ़ेगी। क्योंकि बिहार में पिछड़ेपन,भ्रष्टाचार, अराजकता की चर्चा तो होती रही है, लेकिन इन जटिल से जटिलतर होती समस्याओं से बाहर निकलने के रास्ते दिखाई नहीं दिये। बिहार की जनता का मोदी के प्रति एक नये तरह का विश्वास जागा है। पिछली सरकारों के दौर में बिहार बदहाली के दौर से काफी निकल चुका है और विगत दो दशक में यहां की स्थितियां काफी बदली है। इस बार बिहार चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले इसलिये भी बने हैं कि इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं। महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए पहली बार इस पैमाने पर ऐलान किए गए हैं।

इस चुनावी जनादेश को केवल राजनीतिक वर्चस्व के चश्मे से नहीं, बल्कि जनविश्वास की कसौटी से देखना जरूरी है। यह जीत भाजपा, जेडीयू और एलजेपी (रामविलास) के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। अब उन्हें यह साबित करना होगा कि चुनावी नारों की चमक शासन की रोशनी में भी कायम रह सकती है। बिहार की जनता ने महागठबंधन की ऊँची-ऊँची बातों, वंशवादी दावों और बड़बोले नेताओं की कटुता को नकारकर यह संदेश दिया है कि उन्हें स्थिरता, ईमानदार नेतृत्व और विकास का भरोसा चाहिए। इन चुनाव परिणामों ने एक बार फिर कांग्रेस को करारी हार दी है,जो पार्टी के लिये आत्ममंथन का बड़ा कारण है। एनडीए की यह जीत केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार के नए भाग्य का उदय है। अब देखते हैं कि यह उदय सच्चे अर्थों में उजाला बिखेरता है या सिर्फ राजनीतिक रोशनी भर साबित होता है।

## बिहार का जनादेश 2025

# राजनीति बदल गई है,अब वादे नहीं...निष्पादन चाहिए



रवि सिंह
कोरिया,छत्तीसगढ़

बिहार चुनाव 2025 के परिणाम केवल सत्ता परिवर्तन की कहानी नहीं हैं यह बिहार के मतदाता मनोविज्ञान में आए गहरे बदलाव की मजबूत गवाही है,यह चुनाव उस राजनीतिक जमीन को हिला देने वाला साबित हुआ है,जिस पर बिहार की राजनीति दशकों से खड़ी थी। जातीय गठजोड़,पारंपरिक नारों और पुराने वोट-बैंक की राजनीति को जनता ने इस चुनाव में स्पष्ट रूप से चुनौती दी है,भाजपा की ऐतिहासिक जीत यह बताती है कि बिहार का मतदाता अब स्थिरता,विकास,सुरक्षा और जवाबदेही को प्राथमिकता दे रहा है। यह चुनाव साफ संकेत देता है कि जनता अब सिर्फ वादों से नहीं, बल्कि परिणामों से सरकार को मापने लगी है। बिहार चुनाव 2025 हमें बताता है कि लोकतंत्र का असली स्वरूप वही है जिसमें जनता हर पांच साल में अपनी दिशा खुद तय करती है, इस बार जनता ने एक बड़ा निर्णय लिया है, बिहार को बदलने का, और राजनीति को बदलने का,अब बारी सरकार की है, क्या वह इस भरोसे पर खरी उतरेगी? या यह जनादेश भी पिछले जनादेशों की तरह इतिहास बनकर रह जाएगा? यह सवाल आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति का भविष्य तय करेगा।

### विकास बनाम जाति...बदल गया बिहार...

लंबे समय तक बिहार की राजनीति की धुरी जातीय समीकरण हुआ करते थे। चुनाव परिणाम तय होते थे जातियों की संख्या पर,न कि मुद्दों पर। लेकिन 2025 का जनादेश बताता है कि यह मॉडल अब टूट चुका है। युवा मतदाता, जो इस बार निर्णायक संख्या में आगे आए, जातीय राजनीति से पूरी तरह उकता चुके हैं। महिलाओं ने भी पहली बार जातिगत सीमाओं से ऊपर उठकर मतदान किया है। यही दोनों वर्ग इस चुनाव के वास्तविक गेम-चेंजर रहे। यह बदलाव आकस्मिक नहीं है यह वर्षों से चल रही चेतना, जागरूकता और डिजिटल युग के प्रभाव का परिणाम है। जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि जिनके पास मुद्दे नहीं,उनके पास सीटें भी नहीं। युवाओं और महिलाओं ने लिखा चुनाव का भविष्य बेरोज़गारी बिहार का स्थायी संकट रहा है, शिक्षा और रोजगार की तलाश में लाखों युवा आज भी राज्य से बाहर पलायन कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा ने रोजगार विस्तार, कौशल विकास, डिजिटल अवसर, और केंद्रङ्कराज्य तालमेल की जो बात की, वह युवा वर्ग को सीधे प्रभावित करती रही। दूसरी तरफ महिलाओं ने उज्ज्वला गैस, जन-धन, स्वास्थ्य लाभ, और सुरक्षा भरोसे के आधार पर वोट दिया। यह पहली बार है जब महिलाओं ने सियासत का चेहरा तय करने में इतनी निर्णायक भूमिका निभाई।




### विपक्ष क्यों हारा?

विपक्ष की हार सिर्फ संख्या की हार नहीं है, यह उसकी रणनीति और समझ की हार भी है, नेतृत्व अस्पष्ट था, एजेंडा खोखला था और चुनाव प्रबंधन बेहद कमजोर। विपक्ष अब भी वहीं खड़ा नजर आया जहां बिहार की राजनीति 15-20 साल पहले थी, जातिगत जोड़-घटाव पर टिके हुए, जबकि मतदाता आगे बढ़ चुका है, यह चुनाव विपक्ष के लिए स्पष्ट संदेश है जनता को वादे सुनकर नहीं, समाधान देखकर वोट करना आया है।

### भाजपा के सामने अब सबसे बड़ी परीक्षा

ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा पर ऐतिहासिक जिम्मेदारी भी आ गई है,जनता अब सिर्फ चुनावी भाषण नहीं सुनना चाहती है,अब वह शासन का आउटपुट देखना चाहती है। बिहार में रोजगार, कानून-व्यवस्था, शिक्षा सुधार, स्वास्थ्य ढांचा, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास ने सरकार का असली इम्तिहान तय करना है,अगर भाजपा इन मोर्चों पर तेजी और पारदर्शिता से काम करती है, तो यह जनादेश बिहार की राजनीति का स्थायी परिवर्तन साबित हो सकता है। अगर नहीं,तो बिहार का मतदाता अब इतनी आसानी से किसी भी पार्टी को दूसरा मौका देने वाला नहीं है।

### बदलता बिहार, बदलती राजनीति

2025 का जनादेश यह घोषणा करता है कि बिहार अब घोषणा-युग से बाहर निकलकर कार्यान्वयन-युग में प्रवेश कर चुका है। बिहार के मतदाता ने पहली बार राजनीति की दिशा खुद तय की है, और दिशा साफ है जाति से ऊपर उठकर विकास और स्थिरता की राजनीति, भविष्य स्पष्ट रूप से मुद्दों पर आधारित राजनीति का है, और यह चुनाव आने वाले वर्षों तक बिहार की राजनीतिक संरचना को प्रभावित करेगा, जिस दल के पास काम करने की क्षमता होगी,वही आगे टिकेगा। जिसके पास सिर्फ भाषण होंगे, वह जनता की अदालत में खारिज कर दिया जाएगा।

## आतंक की गहरी जड़ें,चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे

**नरेंद्र सांवरिया**

दिल्ली में लाल किले के निकट कार में विस्फोट के बाद इस आतंकी घटना को लेकर जैसे चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं, उससे यही सिद्ध होता है कि फरीदाबाद आतंकी माड्यूल ने एक बहुत बड़ी साजिश रची थी। इस माड्यूल में शामिल एक डाक्टर की कार में किसी गफलत में विस्फोट होने से आतंकी साजिश का भंडाफोड़ तो हो गया, पर इसकी अनदेखी न की जाए कि वे 26/ 11 जैसी आतंकी घटना को अंजाम देने की ताक में थे।उन्होंने एक साथ कई धमाके करने के लिए कारें जुटाने के साथ घातक हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा जमा कर लिया था। इस आतंकी साजिश में शामिल होने वालों की संख्या बढ़ने के साथ फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी की भूमिका को लेकर संदेह गहराने से यही स्पष्ट होता है कि कश्मीर से लेकर देश के अन्य हिस्सों में आतंक की जड़ें कहीं अधिक गहराई तक जम चुकी हैं।अल फलाह यूनिवर्सिटी केवल इसीलिए कठघरे में नहीं कि वह अप्रत्याशित रूप से बड़ी संख्या में कश्मीरी डाक्टरों को नियुक्त कर रही थी, बल्कि इसलिए भी है कि उसने ऐसे डाक्टरों को भी नौकरी दी, जो दूसरी जगहों से बर्खास्त किए गए थे।



इनमें से एक कश्मीरी डाक्टर को तो आतंक और अलगाववाद की खुली तरफदारी करने के लिए बर्खास्त किया गया था। इसका मतलब है कि अल फलाह प्रबंधन किसी की नियुक्ति के पहले उसकी पृष्ठभूमि जांचने का काम या तो करता ही नहीं था या फिर उसकी अनदेखी करना पसंद करता था। इसे देखते हुए इस शिक्षा संस्थान की गहन जांच जरूरी हो जाती है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी और अन्य एजेंसियों को फरीदाबाद आतंकी माड्यूल की जांच करते हुए उन कारणों की भी तह तक जाना होगा, जिनके चलते मजहबी उन्माद से ग्रस्त होकर आतंक की राह पर चलने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब आतंक के रास्ते पर कोई भी चलता मिल सकता है, वह चाहे अनपढ़ हो या उच्च शिक्षित, निर्धन हो या धनवान।

तथ्य यह भी है कि कट्टर मजहबी तत्वों के जहरीले बयान मात्र किसी को आतंकी नहीं बनाते। इसके साथ उनका अपना परिवेश और खासकर ऐसा विषाक्त नैरिटव भी उन्हें आतंक के रास्ते पर ले जाने का काम करता है कि उन्हें हाशिये पर धकेला जा रहा है या उनके लोगों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है।

इसके साथ ही यह दुष्प्रचार भी उन्हें उन्माद और बदले की आग से भरता है कि उनकी मजहबी मान्यताएं या फिर मजहब ही खतरे में है। ऐसा दुष्प्रचार केवल कट्टरपंथी तत्व ही नहीं करते। वोट बैंक की सस्ती राजनीति के चलते दल विशेष के नेता भी ऐसा ही कुछ माहौल बनाते हैं। यह माहौल उन्माद से ग्रस्त हो रहे तत्वों के लिए विक्टिम कार्ड खेलने और कई बार आतंक के रास्ते पर चलने का जरिया बन जाता है।

## कविता

### सर्वदर्शी



डॉ.राजीव डोगरा
कांगड़ा हिमाचल प्रदेश

किताबों के बाद
इंसानों को पढ़ने का
शौक पैदा हुआ,
इतना पढ़ा
कि वो भी पढ़ लिया
जो कभी
नहीं पढ़ना चाहिए था
उनके अंतर्मन का।

तुमको देखने के बाद
इंसानों को देखने का
शौक पैदा हुआ,
इतना देखा
कि वो भी देख लिया
जो वो
छुपाना चाहते थे
सदा दुनिया से।

# सेना के संपूर्ण कब्जे में पाकिस्तान

## सरकार से किसी तरह की बातचीत का कोई मतलब नहीं

**जगतबीर सिंह**

बीते दिनों पाकिस्तानी संसद ने सैन्य कमांड संरचना और न्यायिक ढांचे में व्यापक बदलाव के लिए 27वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित किया। इस विधेयक में अन्य बदलावों के अलावा संविधान के अनुच्छेद 243 को फिर से लिखा गया है। इसमें सशस्त्र बलों के चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज का पद स्थापित किया गया है और ज्वाइंट चीफ्स आफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष का पद समाप्त कर दिया गया है। यह विधेयक इसलिए पारित हो गया,क्योंकि राष्ट्रीय असेंबली यानी संसद के निचले सदन में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास बहुमत था और उच्च सदन यानी सीनेट में विपक्ष ने बहिष्कार कर दिया। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह विधेयक कानून बन जाएगा। पाकिस्तान के इतिहास में अनुच्छेद 243 में पांच बार संशोधन किया गया है। 1973 के मूल संविधान में कहा गया था कि संघीय सरकार के पास सशस्त्र बलों का नियंत्रण और कमान होगी। जनरल ज़िया-उल-हक ने इसे संशोधित कर कहा कि सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमान राष्ट्रपति को सौंपी जाएगी। ऐसा कर नागरिक सरकार से सैन्य नियंत्रण को स्थानांतरित कर दिया गया। 1997 में प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने इसे पलटते हुए सशस्त्र बलों का नियंत्रण संघीय सरकार और संसद को बहाल किया। जनरल परवेज़ मुशर्रफ ने 2002 में इसे फिर पलट दिया और राष्ट्रपति का प्रभुत्व बहाल किया।



2010 में 18वें संशोधन के तहत एक बार फिर बदलाव हुआ, जिसमें राष्ट्रपति के पद को सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में बनाए रखा गया, लेकिन वास्तविक अधिकार संघीय सरकार को सौंपे गए।

अनुच्छेद 243 में प्रस्तावित परिवर्तन के तहत सेना प्रमुख को चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज के रूप में मान्यता दी जा रही है और ज्वाइंट चीफ्स आफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष का पद समाप्त किया जा रहा है। यह बदलाव चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज यानी सेना प्रमुख को पाकिस्तान की सशस्त्र सेवाओं का सर्वोच्च अधिकारी बना देगा। इस विधेयक में राष्ट्रीय रणनीतिक कमान के कमांडर का पद स्थापित करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त उन अधिकारियों को व्यापक लाभ प्रदान करने की व्यवस्था है, जिन्हें फाइव-स्टार रैंक में पदोन्नत किया जाएगा,जैसे फील्ड मार्शल,एयर फोर्स के मार्शल या एडमिरल आफ द फ्लीट।

संविधान संशोधन के तहत राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों की नियुक्ति करेंगे, जबकि सेना प्रमुख चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय रणनीतिक कमान का कमांडर भी प्रधानमंत्री द्वारा सेना प्रमुख की सिफारिश पर नियुक्त किया जाएगा और उसे सेना से ही चुना जाएगा। वह पाकिस्तान के परमाणु और रणनीतिक संसाधनों की देखरेख करेगा। एक अलग प्रविधान के तहत, जिन अधिकारियों को फाइव-स्टार रैंक में पदोन्नत किया जाएगा, उन्हें आजीवन संवैधानिक सुरक्षा मिलेगी। ये अधिकारी रैंक,विशेषाधिकार और यूनिफार्म जीवनभर बनाए रखेंगे और उन्हें केवल राष्ट्रपति के समान एक महाभियोग प्रक्रिया के माध्यम से ही हटाया जा सकेगा।

## सूचना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# सरगुजा पुलिस द्वारा 'बाल सुरक्षा सप्ताह' अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा के दिशा निर्देशन मे बाल दिवस के अवसर पर बाल संरक्षण की दिशा मे आयोजित किया गया कार्यक्रम
- छात्र-छात्राओं,को पुलिस से जोड़ने थाना/चौकी का कराया गया भ्रमण,पुलिस की कार्यप्रणाली से कराया गया अवगत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) के दिशा निर्देशन मे पुलिस टीम को बाल संरक्षण एवं सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बालकों, अभिभावकों व नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से 'बाल सुरक्षा सप्ताह' अंतर्गत दिनांक 14/11/2025 (बाल दिवस) से दिनांक 20/11/25 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गए है,इसी क्रम मे जागरूकता सप्ताह अंतर्गत बाल दिवस के अवसर पर आज थाना लुन्ड्रा, थाना बतौली, थाना सीतापुर एवं चौकी रघुनाथपुर, चौकी कुन्नी के विभिन्न स्कूलों मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना चौकी प्रभारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओ को बाल दिवस की शुभकामनायें दी गई, शाला परिसर मे कब्बडी एवं अन्य खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन कराया गया, पुलिस एवं छात्र छात्राओं के बीच की दूरी को कम करने एवं विश्वास बढ़ाने के लिए थाना चौकी का भ्रमण कराया गया, छात्र छात्राओं को थाना चौकी का भ्रमण कराकर पुलिस की प्रतिदिन की दिनचर्या एवं गतिविधियों से अवगत कराया गया, पुलिस की कार्यशैली की जानकारी दी गई, इस दौरान छात्र छात्राओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी दी गई, साथ ही पोक्सो एक्ट के प्रावधान की जानकारी प्रदान करते हुए जे. जे. एक्ट एवं साइबर सुरक्षा के सम्बन्ध मे जानकारी देकर ठगी की घटनाओ से बचने जागरूक किया गया, छात्र छात्राओं को समझाईस दिया गया कि किसी भी अनजान व्यक्तियों से ऑनलाइन वित्तीय लेंनदेन ना करें, अगर वित्तीय लेनदेन आवश्यक हो तो जांच परख कर ले, किसी भी प्रकार की ऑनलाइन गतिविधि से पूर्व 'रुके सोचे एवं कार्यवाही करें' की मुलमंत्र से बच्चों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को यातायात नियमो की जानकारी देते हुए यातायात के नियमो का पालन करने की समझाइस दी गई, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन मे सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहन मे तीन सवारी ना चलने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने की जानकारी दी गई, बच्चों को उक्त जानकारी अपने माता पिता तक पहुंचाने हेतु जागरूक किया गया, बच्चों को नशे के दुष्परिणाम बताकर नशे से दूर रहने की समझाईस दी गई,नशे से परिवार एवं समाज को होने वाले नुक्सान बताकर नशामुक्त समाज की ओर कदम बढ़ाने प्रेरित किया गया, कार्यक्रम के दौरान थाना चौकी प्रभारी, छेत्र के गणमान्य नागरिक, अभिभावक, छात्र छात्राएं, शिक्षकगण एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।





## सड़क पर भीख मांग रहे मानसिक दिव्यांग व्यक्तियों को मिला 'घरौंदा आश्रम' में नया जीवन

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।

शहर की विभिन्न सड़कों और सार्वजनिक क्षेत्रों में भीख मांगकर जीवनयापन कर रहे असहाय, बेघर एवं मानसिक दिव्यांग व्यक्तियों को घरौंदा आश्रम के प्रयास से नया जीवन मिला है। समाज कल्याण विभाग एवं अनामिका वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त सहयोग से इन व्यक्तियों को आश्रय, भोजन, वस्त्र और उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। घरौंदा आश्रम की टीम द्वारा नियमित सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सड़क किनारे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा बाजार क्षेत्रों में रहने वाले भिक्षावृत्ति में लिप्त मानसिक विक्षिप्त लोगों को चिन्हित किया गया। इन्हें सम्मानपूर्वक आश्रम लाकर पंजीकृत कर विभाग को सूचना और चिकित्सकीय जांच के बाद साफ-सफाई, भोजन तथा मानसिक परामर्श की व्यवस्था की जाती है। आश्रय प्राप्त करने के बाद व्यवस्थित दिनचर्या व नियमित खानपान से कई लोगों की मानसिक अवस्था मे सुधार या यह कहें पूर्ण रूप से स्वस्थ हो कर कई लोगो को संस्था द्वारा घर भेजा जा चुका है। कुछ हितग्राहियों ने खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें अब जीवन में नई दिशा और सम्मान की अनुभूति हो रही है। आश्रम संचालक ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ऐसे विक्षिप्त एवं असहाय व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए , विभिन्न सामाजिक सहायता और समाज में पुनर्वास जैसी योजनाएँ भी संचालित की जा रही हैं। अनामिका वेलफेयर सोसाइटी एवं घरौंदा आश्रम ने समाज के सभी नागरिकों से अपील की है कि सड़क पर किसी भी असहाय या भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्ति को देखकर उसकी सूचना संस्था या समाज कल्याण विभाग को दें, ताकि उसे उचित सहायता और सम्मानजनक जीवन मिल सके। संचालिका रीता अग्रवाल कहती हैं कि घरौंदा आश्रय गृह केवल एक भवन नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का प्रतीक है। अनामिका वेलफेयर सोसायटी का यह प्रयास यह संदेष देता है कि 'हर इंसान में बदलाव की क्षमता होती है, बस किसी को आगे बढ़कर उसका हाथ थामना होता है।' यह संस्था समाज को सहानुभूति, सहयोग और सेवा का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।



## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर प्रदेशभर में भव्य जनजातीय गौरव पर्व,सत्यनारायण सिंह ने अंबिकापुर में दी विस्तृत जानकारी

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।

आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय अंबिकापुर में अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने आगामी जनजातीय गौरव दिवस (15 नवम्बर) तथा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी पत्रकारों को प्रदान की। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर अनिल सिंह, जिला महामंत्री श्रीमती अरुणा सिंह, जिला संवाद प्रमुख रुपेश दुबे, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा धनराम नागेश, जिला महामंत्री पूरन सिंह टेकाम, महामंत्री द्वय कमलेश टोपो, हीरा सिंह टेकाम, जयंत मिंज, राजा चंवर, कृष्णा कोरवा, अविनाश सोनपाकर, अभिषेक पावले, जातीन परमार सहित अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रेस को संबोधित करते हुए सत्यनारायण सिंह ने कहा कि भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार पूरे देश में 1-15 नवम्बर तक 'जनजातीय गौरव पर्व' का आयोजन किया जा रहा है। सभी जिलों में 15 नवम्बर को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। राज्य के सभी प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी इन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समस्त जिलों में बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय नृत्य प्रतियोगिताएँ 19-20 नवम्बर 2025 को आयोजित होंगी। जिलों में जनजातीय स्व-सहायता समूहों के सहयोग से हस्तकला एवं जनजातीय व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

आगे उन्होंने कहा कि सरकारी एवं आश्रम शालाओं में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर विशेष व्याख्यान एवं गतिविधियाँ आयोजित होंगी। प्रत्येक जिला में अधिकारियों द्वारा जनजातीय परिवारों से मिलकर उनकी समस्याओं, योजनाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए सत्यनारायण सिंह ने पत्रकारों को बताया कि लोक नृत्य, चित्रकला, गीत-संगीत, जनजातीय खेल एवं हथकरघा प्रदर्शन का आयोजन होगा तथा जनजातीय बहुल गाँवों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे जिनमें आधार, आयुष्मान कार्ड, किसानों के लिए सम्मान निधि सत्यापन, जाति प्रमाण-पत्र, स्वास्थ्य परीक्षण आदि सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। अंत में उन्होंने कहा कि जिलों में 'आदि सेवा केंद्र' के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम, जनजागरण एवं स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे। जनजातीय समुदाय द्वारा शिक्षा,खेल,कला व सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 1 नवम्बर को प्रधानमंत्री द्वारा नई दिल्ली से आयोजित राज्य स्थापना दिवस समारोह का सीधा प्रसारण प्रदेशभर में देखा गया। उसी क्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम रायपुर में आयोजित हुआ जिसमें मुख्यमंत्री तथा मंत्रीगण की उपस्थिति रही। बिरसा मुंडा पर उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक जनजातीय नेता नहीं थे, बल्कि भारत की स्वतंत्रता चेतना के एक महान प्रतीक थे। उनके सम्मान में पूरे प्रदेश में भव्य जनजातीय गौरव पर्व मनाया जा रहा है। भाजपा संगठन एवं जनजाति मोर्चा यह सुनिश्चित करेगा कि उनके विचार हर गाँव तक पहुँचे। '




## झारखंड के नवदंपति की 3500 किमी की बाइक यात्रा चर्चा में,रोमांच और आत्मनिर्भरता का अनोखा संदेश



-संवाददाता-
बलरामपुर,14 नवम्बर 2025 (घटती-घटना)।

झारखंड के गढ़वा जिले के रमकंडा गांव के एक नवदंपति ने साहस और रोमांच का अनोखा उदाहरण पेश किया है। सौरभ कुमार (25) और उनकी पत्नी नेहा गुप्ता (23) ने छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज से कन्याकुमारी तक की 3500 किलोमीटर लंबी बाइक यात्रा की शुरुआत 12 नवंबर को की है। दंपति का लक्ष्य इस सफर को 12 से 15 दिनों में पूरा करने का है.

### शादी के आठ महीने बाद नई शुरुआत का अनोखा फैसला

सौरभ और नेहा की शादी को अभी आठ महीने ही हुए हैं, लेकिन यात्रा और रोमांच के प्रति उनका प्रेम विवाह से पहले से ही जारी है. इससे पहले भी यह युगल नेपाल और उत्तराखंड की यात्राएं साथ कर चुका है.इस बार उन्होंने अपने वैवाहिक जीवन की नई पारी की शुरुआत एक यादगार और प्रेरणादायक सफर से करने का निर्णय लिया है.

### आत्मनिर्भर यात्राः खाना खुद बनाते,स्थानीय लोगों से जुड़ते

दंपति अपने साथ खाना बनाने के बर्तन, प्राथमिक चिकित्सा सामग्री और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं लेकर चले हैं.वे हर पड़ाव पर खुद अपना भोजन तैयार करते हैं और रास्ते में मिलने वाले स्थानीय लोगों से बातचीत कर भारत की विविध संस्कृति को करीब से महसूस कर रहे हैं सौरभ कुमार का कहना है कि इस यात्रा का उद्देश्य सिर्फ घूमना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता सीखना और जीवन के हर पल को महसूस करना है.उनका कहना है कि यह सफर आसपास के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहा है और यह संदेश देता है कि उत्साह, साहस और विश्वास के साथ हर मंजिल को हासिल किया जा सकता है.कन्याकुमारी तक की यह अनोखी यात्रा न केवल उनके जीवन की यादगार बनेगी, बल्कि यह भी दिखाएगी कि प्रेम और एकजुटता से हर सफर को खूबसूरत बनाया जा सकता है।

## बाल दिवस के अवसर पर कृष्ण कुमार ध्रुव ने की जरूरतमंद छात्रों की मदद

-संवाददाता-
सूरजपुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।

14 नवम्बर बाल दिवस के अवसर पर देश भर के विद्यालय में छात्रों के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित की जाती है। सभी विद्यालयों में इस दिन को धूमधाम से मनाया जाता है। इसी अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटेया के व्याख्याता व स्काउट रोवर लीडर कृष्ण कुमार ध्रुव ने भगवानपारा संकुल केंद्र कोटेया के जरूरत मंद छात्रों को शैक्षिक सामग्री वितरण किया। ज्ञात हो कि ग्रामीण परिवेश में आज भी ऐसे आवश्यकता वाले छात्र है जिनको शैक्षिक सामग्रियों की आवश्यकता है ऐसे छात्रों को अगर किसी के द्वारा थोड़ा सा भी सहयोग हो जाता है तो छात्र प्रेरित होते है और पढ़ाई में रुचि लेते है। प्राथमिक शाला भगवानपारा के प्रधान पाठक रघुवीर सिंह ने बताया की ध्रुव सर ने दरियादिली का परिचय देते हुए खुद आगे आए और हमारे विद्यालय आकर सभी छात्र छात्राओं को आवश्यक शैक्षिक सामग्री कॉपी, पेन वितरण किया। सभी बच्चे कॉपी, पेन पाकर बहुत खुश हुए और ध्रुव सर को इसके लिए धन्यवाद दिए। व्याख्याता कृष्ण कुमार ध्रुव ने बताया ग्रामीण परिवेश में मैंने देखा की अधिकांश छात्र पढ़ना लिखना चाहते तो है लेकिन उनके पास पढ़ाई के लिए आवश्यक चीजें कॉपी, पेन की कमी रहती है जिसके वजह से उनके आगे बढ़ने में कठिनाई आती है इसको देखते हुए मैंने सोचा जरूरतमंद छात्रों की कुछ समस्याओं को दूर कर उनको आगे बढ़ाने में सहयोग करूँगा और आगे भी ऐसे छात्रों की मदद करता रहूँगा। उपस्थित कोटेया संकुल समन्वयक शांतनु पाण्डेय ने बताया ध्रुव सर छात्रों की मदद के लिए स्वयं से आगे आते है और जहाँ छात्रों को आवश्यकता होती है वहाँ पहुंचकर उनको शैक्षिक सामग्री प्रदान करते है। ध्रुव सर का कार्य बहुत सराहनीय है की उन्होंने ऐसे छात्रों की मदद कर रहे है जिनको शैक्षिक सामग्री की बहुत जरूरत होती है।

उपस्थित छात्रावास अधीक्षक रामचरण साहू ने बताया जरूरत मंद छात्रों को मदद करना नेक कार्य है ध्रुव सर ने ऐसे कार्य कर दूसरों को भी प्रेरित कर रहे हैं। उपस्थित मा. शाला महोरा प्रधान पाठक टी. आर. सिंह ने बताया ध्रुव सर के जरुरतमंद छात्रों को ऐसे शैक्षिक सामग्री प्रदान करना सराहनीय कार्य है। किसी छात्र की आवश्यक कमियों को दूर कर उनके चेहरे में मुस्कान लाना बहुत बड़ा कार्य है। ध्रुव सर निःस्वार्थ भाव से ये कार्य कर रहे है जो सराहनीय है।



## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार..

### थाना सीतापुर पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध की गई कार्यवाही

-संवाददाता-
सीतापुर ,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।

दुष्कर्म के मामले में बताया गया कि प्रार्थिया दिनांक 25/09/25 को थाना सीतापुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि थाना सीतापुर बालमपुर निवासी हीरालाल प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया है, और अब शादी करने से इंकार कर रहा है, प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना सीतापुर मे अपराध क्रमांक 386/25 धारा 64(2)(एम) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा प्रार्थिया एवं गवाहों का कथन लेखबद्ध कर मामले के आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के आरोपी हीरालाल को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपना नाम हीरालाल गिरी आत्मज मस्त राम गिरी उम्र 39 वर्ष साकिन बालमपुर थाना सीतापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक सी.आर.चंद्रा, सहायक उप निरीक्षक रामकरण राजवाड़े, महिला आरक्षक अनामिका बड़ा, आरक्षक महेन्द्र नाग, निर्मल कुर्रे सक्रिय रहे।



## खाद्यान स्टॉक गबन करने के मामले मे शामिल दूसरा आरोपी गिरफ्तार

### शासन कों आर्थिक छति पहुंचाने के मामले मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा की गई सख्त कार्यवाही

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।

गबन के मामले में बताया गया कि प्रार्थी शिव कुमार मिश्रा साकिन कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा अम्बिकापुर थाना अम्बिकापुर द्वारा दिनांक 07/10/25 को थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी, सहायक खाद्य अधिकारी, अम्बिकापुर (ग्रामीण) के साथ मिलकर जनकल्याण खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति,घुटरापारा के माध्यम से संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कमांक 391001071,391001029 एवं 3910 01054 का सयुक्त रूप से जॉच किया गया, जाच में जनकल्याण खाद्य सुरक्षा पोषण एव उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति, घुटरापारा के माध्यम से संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कमांक 391001071, 391001029 एवं 3910 01054 का सितम्बर 2022 एवं 31 मार्च 2024 की स्थिति में किये गये भौतिक सत्यापन के दौरान सभी दुकानों में चावल 1631.29 क्विंटल राशि 6162267/- रूपये, शक्कर 10.43 क्विटल राशि 49160/- रूपये एवं चना 48.34 क्विंटल राशि 292692/- रूपये जिसमे सभी मदों के खाद्यान्न की कुल राशि 6494120.67/- रूपये की कमी पाई गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 742/25 धारा 420, 409,120(बी), भा.द.वि. एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3,7 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था।



दौरान विवेचना पुलिस पुलिस टीम द्वारा पूर्व मे मामले मे शामिल आरोपिया सुनीता पैकरा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था एवं प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था। दौरान आरोपी पता तलाश मामले मे शामिल आरोपी मुकेश यादव को पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम मुकेश यादव आत्मज पुरन्दर यादव उम्र 32 वर्ष साकिन घुटरापारा नहर रोड अंबिकापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया,आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करने का अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है। मामले मे अग्रिम जांच विवेचना किया जा रहा है, अन्य फरार आरोपिया का पता तलाश किया जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शशिकान्त सिन्हा, उप निरीक्षक विजय गुप्ता, आरक्षक आनंद गुप्ता, नितिन सिन्हा,अतुल सिंह सक्रिय रहे।






# शासन-प्रशासन लोगों के घर पहुँच कर कर रहा समस्याओं का समाधान : मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

## जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 971 आवेदन,प्राथमिकता से होगा निराकरण

-संवाददाता-
सूरजपुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
ओड़गी जनपद अंतर्गत बिहारपुर के शासकीय महाविद्यालय ग्राउंड में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में मंत्री श्रीमती राजवाड़े और कलेक्टर एस. जयवर्धन ने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनीं। विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी, शिविर में विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर कुल 971 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे ऐसे शिविरों का अधिक से अधिक



लाभ लें और अपनी समस्याएँ संबंधित अधिकारियों के समक्ष अवश्य रखें। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पदाधिकारी, जिला सीईओ, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**आपके गाँव तक पहुँच रहा है पूरा प्रशासन :** शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि शासन एवं प्रशासन का लक्ष्य है कि लोगों की समस्याओं का समाधान उनके दरवाज़े पर ही सुनिश्चित किया जाए, उन्होंने कहा 'आज आपके गाँव में पूरा प्रशासन तंत्र आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित है। आप सभी अपनी शिकायतों एवं आवश्यकताओं को निडर होकर अधिकारियों के समक्ष रखें। शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ।' मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से त्वरित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर आवेदन की स्थिति पंजीयन क्रमांक से कलेक्टर जनदर्शन पोर्टल पर ट्रैक की जा सकती है। साथ ही बताया कि इन आवेदनों के निराकरण की प्रगति पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विशेष चर्चा की जाती है। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की कि यदि किसी योजना का लाभ नहीं मिला है या कोई समस्या लंबित है, तो उसका अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं ताकि कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।



**हितग्राहियों को सामग्री वितरण**

शिविर के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री वितरित की। इनमें श्रवण यंत्र, स्टिक, एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बच्चों के वजन मापने की मशीनें शामिल थीं।

# राष्ट्रहित के लिए गौ-माता कब होगी राष्ट्र माता के रूप में स्थापित-रामलला सरकार

-संवाददाता-
सूरजपुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
मानव कल्याण व राष्ट्रहित के लिए सनातन यात्रा के ध्वजवाहक रामलला सरकार ने सूरजपुर साधुराम सेवा कुंज में पत्रकारों से भेंट मुलाकात करते हुए कहा कि गौ माता जिसके कारण धरा,धर्म गर्वित है और आनंदित है, जो स्वयं देवी-देवता है,उनको राष्ट्र माता के रूप में कब स्थापित करेंगे। कैसे भारत विश्व गुरू बनेगा और सनातन धर्म से हिन्दू व हिन्दूत्व को खतरा नहीं,दुकान चलाने वालों को खतरा है। सनातन धर्म को लेकर देश भर में भ्रमण कर रहे रामलला सरकार आयोध्या इन दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश में हैं। विगत 15 वर्षों से सनातन यात्रा के रूप में राष्ट्र हितकारी,धर्म व समस्त सृष्टि में श्रीराम का वर्चस्व को लेकर अपनी बातों को मुखरता से रखने वाले संत रामलला सरकार ने चर्चा में राष्ट्र हित, मानव कल्याण, सनातन यात्रा, सनातन धर्म और उसके लक्ष्य उद्देश्य तथा संकल्प को लेकर काफी सारगर्भित चर्चा की और कहा कि आज सनातन धर्म को खतरे में बताने वालों के लिए खुली बात है कि सनातन धर्म को न तो कोई मिटा सका है और न ही मिटा सकता है। जिस सनातन धर्म में स्वयं भगवान ही सनातन धर्म है, उसे किसी बात का खतरा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि सनातन धर्म को लेकर जिनकी दुकानदारी चल रही है, उनको खतरा है। हिन्दू राष्ट्र और विश्व गुरू को लेकर हुई चर्चा में कहा कि जब तक एक-दूसरे को ईश्वर की संतान नहीं मानेंगे तब तक विश्व गुरू की बात बेमानी है। स्वयं को मां भारती के चरणों का सेवक और श्रीराम के लिए सब कुछ का बल



देने वाले श्रीरामलला सरकार ने कहा कि गौ माता के अश्रु गिर रहे हैं, हजारों बूचड़खाने जीवित हैं। ऐसे में देश का दुर्भाग्य जागृत हो जाएगा, अगर गौ माता को राष्ट्र माता के रूप में स्थापित नहीं किया गया तो। सनातन धर्म भगवान है और हर इंसान और जीव-जन्तु में भी भगवान हैं, हर इंसान में सनातन है की व्याख्या करते हुए उन्होंने भजनों और भगवान श्रीराम की गुणगान करते हुए अपनी यात्रा वृतांत को साझा किया और कहा कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में ही महामाया धाम बनाने की आकांक्षा है। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी, गणमान्यजन सेवाकुंज में रामलला सरकार के दर्शनों व भेंट मुलाकात के लिए उपस्थित थे।

**हजारों बूचड़खाने आज भी संचालित :** उन्होंने कहा कि आज भी हजारों बूचड़खाने संचालित हो रहे है और सरकार मौन है। आखिर क्यों गौमाता रो रही है। कब मिलेगा उन्हे राष्ट्र माता का दर्जा। जिससे पुर धरा गौरान्वित है। भगवान का इनमें वास है वो गौ माता आज परेशान है।

# बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपा सरगुजा ने मनाया जश्न,पटाखे फोड़कर मनाई खुशी

## घड़ी चौक पर कार्यकर्ताओं ने मिठाइयाँ बाँटी,जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने इसे विकास और सुशासन की जीत बताया





-संवाददाता-
अम्बिकापुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
बिहार के आम विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली ऐतिहासिक व निर्णायक जीत पर आज भाजपा सरगुजा के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। जैसे ही बिहार चुनाव के परिणाम घोषित हुए,कार्यकर्ता 'नरेंद्र मोदी ज़िंदाबाद','भाजपा ज़िंदाबाद' के नारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक स्थानीय घड़ी चौक पहुंचे। वहाँ एनडीए की भारी बहुमत वाली जीत की खुशी में पटाखे फोड़े गए और मिठाइयाँ बांटी गईं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि बिहार के जनता जनार्दन ने जन-कल्याण और विकास की राजनीति पर फिर एक बार मुहर लगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है, और बिहार की जनता ने इस विजयी यात्रा को और मज़बूती प्रदान की है। यह जीत हर भारतीय के विश्वास की जीत है। भाजपा और एनडीए जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए लगातार विकासशील और सुशासनयुक्त भारत के निर्माण के लिए समर्पित रहेंगी।' कार्यक्रम में महापौर मंजूषा भगत, अनिल सिंह मेजर, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, अंबिकेश केसरी, विनोद हर्ष, मधुसूदन शुक्ला, अरुणा सिंह, फुलेश्वरी सिंह, निलेश सिंह, विकास पांडे, निश्चल प्रताप सिंह, मनीष सिंह, रूपेश दुबे, विजय व्यापारी, सोमनाथ सिंह, मनोज कंसारी, कमलेश तिवारी, निरंजन राय, लेखराज अग्रवाल, विद्यानंद मिश्रा, उमेश अग्रवाल, राजबहादुर सिंह, अभिषेक शर्मा, जतिन परमार, विकास वर्मा, जितेंद्र सोनी, देव वर्मा, मनोज गुप्ता, अजय सोनी, अभिषेक सिंह, अजय सिंह, जतिन परमार, रामप्रवेश पांडे, सर्वेश तिवारी, विकास गुप्ता, शशि जायसवाल, सिंधु सोनी, राहुल त्रिपाठी, दूधनाथ गोस्वामी , दीपक यादव, विपिन पांडे, रवि सिंह, रवि विश्वकर्मा, आतिश सिंह, किंजल पांडे, अनीश सिंह, अंशुल श्रीवास्तव, चंदन शुक्ला, सानू तिवारी, दीपू पांडे, प्रियंका चौबे, नीलम राजवाड़े, मधु चौदाहा, बबली नेताम सहित बड़ी संख्या में भाजपा सरगुजा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत का मामला

## अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन के बलरामपुर जिला अध्यक्ष सुदामा रजवाड़े ने निष्पक्ष जांच कराने के लिए केंद्रीय मानवाधिकार आयोग,गृह मंत्री,पुलिस महानिदेशक,पुलिस महानिरीक्षक को लिखा पत्र

-संवाददाता-
बलरामपुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
विगत दिनों बलरामपुर जिले के कोतवाली थाने में पुलिस हिरासत के दौरान 19 वर्षीय युवक उमेश सिंह की संदिग्ध मौत थी,मृतक की खबर प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में सुर्खियां बनी हुई है यही नहीं यह मामला सोशल मीडिया में छाया हुआ है,जिसके कारण मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिसको लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष,प्रदेशाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय



मानवाधिकार फाउंडेशन छत्तीसगढ़, गृह मंत्री छ.ग. शासन, पुलिस महानिदेशक रायपुर, तथा पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज को लिखित पत्र भेजकर उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन के बलरामपुर जिलाध्यक्ष सुदामा राजवाड़े ने भेजे गए पत्र लिखा कि बलरामपुर कोतवाली पुलिस थाने में दिनांक 9/11/2025 को पुलिस हिरासत में ग्राम नकना थाना सीतापुर निवासी 19 वर्षीय चोरी के कथित आरोपी उमेश सिंह की मृत्यु होने की खबर कई प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया पर समाचार सुर्खियों में रही, मृतक उमेशसिंह के परिजनों के द्वारा मीडिया में दिए गए बयान सामने आ रहा है, परिजनों के द्वारा दिए गए व्यानों की पुष्टि हम नहीं करते लेकिन छपी खबरों की माने तो परिजनों के द्वारा कहा गया है कि मृतक की मृत्यु बलरामपुर कोतवाली पुलिस के द्वारा हिरासत में मारपीट करने के कारण हुई है। जिसके कारण परिजनों के द्वारा मृतक का शव लेने से इनकार कर दुबारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम ज्ञापन देकर गुहार लगाई है।जिसकी खबर कई प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडियायो ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। जिस को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन के बलरामपुर जिला अध्यक्ष सुदामा रजवाड़े के द्वारा दिए गए पत्र में उल्लेख कर बताया है कि इस तरह के मामले मानव को मिले हुए अधिकार हनन को परिभाषित करता है, यही नहीं मानवाधिकार उल्लंघ के श्रेणी में भी माना जाता है, इस तरह के मामले आमजनमानस में कानून के प्रति तरह तरह की चर्चाओं में आकर पुलिस प्रशासन को बदनामी का दंश झेलना पड़ता है।

जिसको लेकर फाउंडेशन के बलरामपुर जिला जिलाध्यक्ष के द्वारा एक विस्तृत शिकायत भेजकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। शिकायत में कहा गया है कि ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच आवश्यक है, जिससे आम जनता का विश्वास कानून और व्यवस्था पर कायम रह सके।

# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल जायसवाल का आकस्मिक निधन,क्षेत्र में फैला शोक

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)। सूरजपुर जिला के ग्राम पंचायत महंगई के प्रतिष्ठित नागरिक,पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा कांग्रेस के तेज-तर्रार वरिष्ठ नेता राहुल जायसवाल का गुरुवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उनके असामयिक निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। वे काफी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्वर्गीय राहुल जायसवाल का अंतिम संस्कार शुक्रवार को अंबिकापुर के शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा के दौरान जनसैलाब उमड़ पड़ा।

सामाजिक संगठनों,राजनीतिक दलों,जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के नागरिकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। राहुल



जायसवाल कांग्रेस पार्टी के एक सक्रिय,लोकप्रिय और तेज-तर्रार नेता के रूप में जाने जाते थे। वे पार्टी के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे। वे संगठन के भीतर मजबूत पकड़ रखते थे और पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व सरगुजा पैलेस के करीबी माने जाते थे। राजनीतिक क्षेत्र में उनके सधे हुए नेतृत्व, बेबाक कार्यशैली और जनहित के मुद्दों पर मुखरता के चलते वे हमेशा चर्चा में रहते थे। ग्रामीण विकास और जनसमस्याओं के निराकरण में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। महंगई क्षेत्र के विकास कार्यों-सड़क निर्माण,पेयजल व्यवस्था,शिक्षा,स्वास्थ्य तथा सामाजिक उत्थान में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर वे हमेशा तत्पर और संवेदनशील रहते थे। उनके नेतृत्व में कई विकास कार्यों को गति मिली,जिससे वे जनता के बीच अत्यंत लोकप्रिय बने रहे। उनके निधन से न केवल कांग्रेस पार्टी,बल्कि पूरे क्षेत्र को भारी क्षति हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि राहुल जायसवाल जैसे मिलनसार,जुझारू और सेवाभावी नेतृत्व की भरपाई करना कठिन है। स्वर्गीय राहुल जायसवाल अपने पीछे दो पुत्र शुभम जायसवाल एवं स्वस्तिक जायसवाल सहित असंख्य शुभचिंतकों और समर्थकों को शोकाकुल छोड़ गए हैं।

# राष्ट्रीय अधिवेशन : फोरम फॉर फास्ट जस्टिस का नेशनल कन्वेंशन 2025

## सरगुजा सोसाइटी फॉर के द्वारा किया जा रहा है 15,16 नवंबर को दो दिवसीय आयोजन

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
न्याय व्यवस्था में सुधार,तथा तत्काल न्याय दिलाने और न्यायालय में जो कमियां है उसे दूर करने हेतु फोरम फॉर फास्ट जस्टिस संस्था के द्वारा कार्य किया जाता हैं उक्त संस्था का पुर देश में सदस्य अलग अलग जिलों और राज्य में न्यायपालिका में सुधार के लिए कार्य कर रहे है,इन्हीं सब तथ्यों को रखने के लिए फोरम फॉर फास्ट जस्टिस संस्था का प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन होता हैं जिसमें देश के अलग अलग राज्यों से प्रतिनिधि शामिल होते हैं, इस बार राष्ट्रीय अधिवेशन करने की जिम्मेदारी सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस को दी गई है , जिसके तथ्य पीजी कॉलेज आटोडोरियम अंबिकापुर में दिनांक




15,16नवंबर को होना है दिनांक 15दिन शनिवार को सुबह 10बजे मल्टीपरपस स्कूल से रेली के रूप में कार्यक्रम की शुरुआत होगी और रैली का समापन पीजी कॉलेज आटोडोरियम में होगा, उसके बाद सेमिनार का आयोजन किया जाएगा जिसमें देश के अलग अलग राज्यों से आए अतिथिओं का उद्बोधन होगा। उक्त कार्यक्रम में आम जनता,सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता तथा सभी वर्ग के लोग शामिल होगे,आप सभी से अपील है कि उक्त कार्यकर्म में आवश्यक रूप से शामिल हो।

# अंबिकापुर में कड़ाके की ठंड न्यूनतम तापमान 7 डिग्री

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,14 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
सरगुजा संभाग में इस साल नवंबर के पहले पखवाड़े में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। 57 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ है कि नवंबर महीने के पहले सप्ताह से ही लोग ठिठुरने को मजबूर हो गए हैं। वर्तमान में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है,जो कि औसत से 6.4 डिग्री नीचे है। वहीं,



बलरामपुर जिले के सामरीपाट और मैनपाट का तापमान 5 डिग्री तक पहुंच चुका है, जहां ठंड का असर और भी ज्यादा है। इन क्षेत्रों में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।

# खड़गवां जनपद पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार रोकने सक्रिय नहीं है अधिकारी

## ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के सामने जनपद पंचायत खड़गवां में हो रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की खुली छूट

-राजेन्द्र शर्मा-

खडगवां, 14 नवंबर 2025 (घटती-घटना)। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभिन्न योजनाओं से हुए और हो रहे निर्माण कार्यों की अनदेखी तो खुलेआम देखी जा सकती है इस विकास खंड में ऐसे कई मामले सामने आये कि जहां पर सडक नहीं है वहां पर पुलिया का निर्माण कार्य करा दिया गया है और सडक का कोई पता नहीं है और कहीं तो एक ही सडक पर दो तीन अलग अलग नाम से पुलिया बना दिया गया है इस तरह इस विकास खंड के ग्राम पंचायत खड़गवां का मामला है वो भी जो ग्राम पंचायतों के पूरी जिम्मेदारी से गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य कराने की बात कहते नहीं थकता है वो जनपद पंचायत खड़गवां का कार्यलय है जो जर्जर स्थिति में खुद है और उसके उपर एक और भवन तैयार किया जा रहा है जिसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत खड़गवां है इस जनपद पंचायत भवन की दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य का स्टीमेट और भवन की गुणवत्ता की जांच पूर्ण कर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के



इंजिनियर एवं एसडीओ के द्वारा दिया गया होगा मगर जनपद पंचायत भवन खड़गवां की पहली मंजिल की स्थिति काफी जर्जर है जगह जगह छत का प्लास्टर गिर रहा है उसके बाद भी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के इंजीनियर और एसडीओ ने दूसरी मंजिल भवन बनाने की मंजूरी कैसे दे दी ये भी एक सवाल है?

इस दूसरे मंजिल भवन निर्माण कार्य में जिस निर्माण सामग्री का उपयोग कर भवन निर्माण कार्य किया जाना है उस मापदंडों का पालन एवं गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है भवन निर्माण कार्य में जिस मापदंड का छड़ जिस गुणवत्ता एवं जिस आईएसओ प्रमाणित छड़ का उपयोग कर भवन निर्माण कार्य कराया जाना है वो नहीं किया गया है लोकल ब्रांड के छड का उपयोग कर भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत खड़गवां में जितने भी भवन निर्माण कार्य संचालित है वो लोकल ब्रांड के छड से भवनों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि भवनों की गुणवत्ता और भवनों की मजबूरी कितनी सही होगी। इसी कारण ही शासकीय भवनों की गुणवत्ता महज पांच वर्षों में ही जर्जर स्थिति में हो जाती है। जबकि ये भवन ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यालय के सामने अन्य भवन महज पांच सौ मीटर के दायरे में निर्माण कार्य हो रहा है उसके बाद भी गुणवत्ता एवं मापदंडों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

### अधिकारी ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देकर मनमाना स्टीमेट बनवा रहे हैं...

सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी ही ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देकर ठेकेदारी करवा रहे हैं। अधिकारी के द्वारा अपने और ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए मनमाने तरीकें से विभाग के इंजीनियरो से ही स्टीमेट तैयार कर लाभ प्राप्त किया जा रहा है। तीन लाख कि लागत का कार्य की लागत सात से आठ लाख की लागत कि बनाई जाती है इस तरह विकास खंड खडगवा मे ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के इंजीनियर और अनुविभागीय अधिकारी ग्राम पंचायतो में ठेकेदारी को बढावा देकर इस कहावत को चरितार्थ करते हुए कि सांप भी मर जाए और लाठी भी ना टूटे और अपनी भी जेब भरती रहे हैं।

### ग्राम पंचायत सिर्फ नाम की एजेंसी, ठेकेदारों के हाथ में पूरा खेल...

विकास खंड खडगवा के ग्राम पंचायत खड़गवां में जितने भी निर्माण कार्य योजनाओं से चल रहे हैं उन सभी कार्यों में कर्मचारियों की भी धडल्ले से ठेकेदारी चल रही है निर्माण एजेंसी तो सिर्फ नाम के लिए ग्राम पंचायत खड़गवां है जो मूकदर्शक हुई रहती है। ग्राम पंचायतो मे सारा निर्माण कार्य का खेल ठेकेदारों के द्वारा घटिया और गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है वो भी खड़गवां मुख्यालय में जगह जगह घटिया और गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यों की शिकायते हो रही है खबरें प्रकाशित हो रही और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी का एक ही जवाब रटा रटाया रहता है जांच कर कार्यवाही करेंगे और कार्यवाही सिर्फ खानापूर्ति ही होती है।

### गुणवत्ता विहीन निर्माण पर इंजीनियर एसडीओ की मिलीभगत के आरोप

जिससे ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य पूर्ण रूप से गुणवत्ता विहीन मापदंडों के अनुरूप हो रहे हैं। जिस गुणवत्ता की निर्माण समाग्री निर्माण कार्य में उपयोग किया जाना होता है उसका उपयोग नहीं किया जाता है और ये सारा निर्माण कार्य संबंधित इंजीनियर और एसडीओ के समाने किया जाता है और उस निर्माण कार्य का मेजरमेंट भी इंजीनियर और एसडीओ के लेन देन से मेजरमेंट किया जाता है। इस तरह ग्रामीण यांत्रिकी विभाग और जनपद पंचायत खड़गवां की मिली भगत कर भ्रष्टाचार किया जाता है प्रशासन को इस तरह के निर्माण कार्य कराने वालो पर ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। जिससे जनता के टैक्स के पैसे का सही उपयोग और गांव का सही विकास हो सके?

# कोयला घोटाले के काले धन की आस में 20 डकैतों ने कोरबा में परिवार को बंधक बनाकर खोद डाला पूरा घर



-संवाददाता-

कोरबा, 14 नवंबर 2025 (घटती-घटना)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया की मुंहबोली पुत्री के पिता के घर 20 डकैतों के गिरोह ने मंगलवार रात धावा बोला। परिवार के 11 लोगों को रस्सी से बांध दिया और सौम्या के काला धन को घर में गड़ा कर रखने की बात कहते हुए सब्बल से पूरे घर के फर्श को खोद डाला। तराईडांड गांव में रहने वाले किसान शत्रुघ्न दास महंत की कोरबा में रहने वाले सौम्या चौरसिया के परिवार से निकटता थी। उनकी बेटी बबीता सौम्या के घर रह कर पली बढ़ी। वह अधिकारी बनीं तो बबीता को अपने साथ ले गई और उसका पूरा लालन- पालन किया। भिलाई में बबीता को पढ़ाई कराते हुए एमबीए कराया। करीब तीन साल पहले उसका विवाह हुआ और वर्तमान में वह अपने पति एवं बच्चे के साथ कुसमुंडा के एक गांव में रहती है। उसके पिता शत्रुघ्न के घर मंगलवार की रात को डेढ से दो बजे के बीच घर की बाउंड्रीवाल लांघ कर 20 हथियारबंद नकाबपोश घुस गए। डकैत देशी कट्टा, तलवार, चाकू, सब्बल व लाठी से लैस थे। घर में घुसते ही सबसे पहले परिवार के 11 सदस्यों को दो-दो नकाबपोश ने अपने कब्जे में लिया और अपने साथ लाए रस्सी से हाथ- पैर बांद मुंह पर टेप चिपका दिए।

### डकैत बोले...चौरसिया का दिया धन कहां गड़ा है...

पीड़ित शत्रुघ्न ने बताया कि डकैतों ने पूछा कि चौरसिया का दिया हुआ धन कहां गड़ा कर रखे हो। यही नहीं डकैत पूरी तैयारी से आए थे और सब्बल से रसोई कक्ष समेत अन्य कमरे के फर्श को खोद डाला। शत्रुघ्न का कहना है कि डरा- धमका कर घर की आलमारी की चाबी डकैत ले लिए और उसमें रखे 1.50 लाख नकद व 10 लाख के जेवरात समेट लिए। भागने से पहले डकैत घर के सदस्यों का पांच मोबाइल अपने साथ ले गए। बताया जा रहा है कि गांव में काफी दिनों से यह चर्चा थी कि इस परिवार के पास काफी धन है। पुलिस को देर से सूचना मिलने की वजह से तत्काल घेराबंदी कार्रवाई नहीं हो सकी। इसका फायदा डकैतों को मिला।

### कोयला घोटाले में हैं आरोपित

छत्तीसगढ़ प्रशासनिक सेवा में रहीं सौम्या चौरसिया कांग्रेस शासन के दौरान हुए कोयला परिवहन, शराब व खनिज न्यास मद (डीएमएफ) घोटाले में आरोपित हैं। करोड़ों के इन घोटालों की जांच ईडी, एसीबी और ईओडब्ल्यू कर रही है। वह करीब 21 माह तक जेल में निरुद्ध रहीं और अंतरिम जमानत पर हैं। कोयला घोटाले में 50 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति अर्जित करने का उन पर आरोप है।


## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक

रामानुजगंज, नावापारा, पो.आरागाही,
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज, (छ0ग0) पिन:497220

Email:principal.084csvtu@gmail.com Website:https://www.gprganj.ac.in

क्रमांक/509/शापॉरा/स्था/ 2024-25 रामानुजगंज, दिनांक 12.11.2025

**निविदा सूचना**

शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज, जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज के संस्था परिसर में (24X7) सुरक्षा सेवा हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र संस्था के वेबसाइट https://www.gprganj.ac.in से डाऊनलोड किया जा सकता है। डाऊनलोड किए गए निविदा प्रपत्र के साथ रू. 500.00 का डिमांड ड्राफ्ट प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज के नाम से जो कि रामानुजगंज में देय हो, संलग्न कर जमा किया जाना अनिवार्य है।

निविदा उपलब्धता की तिथि :12/11/2025
निविदा विक्रय की अंतिम तिथि : 03/12/2025(समय 12:00 PM)
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 03/12/2025(समय 01:00 PM)
निविदा खोलने की तिथि : 03/12/2025(समय 03:00 PM)
स्थानः शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज का कार्यालय

नोट :- निविदा के अनुमानित लागत रू6,00,000 है।
वस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

जी नंबर-252604715/1
प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेकक्निक रामानुजगंज


# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नारी शक्ति की अहम भूमिका : देवेंद्र तिवारी

## आत्मनिर्भर भारत महिला सम्मेलन का आयोजन




-संवाददाता-

बैकुंठपुर, 14 नवंबर 2025 (घटती-घटना)। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आत्मनिर्भर भारत एवं महिला सम्मेलन का आयोजन नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 06 स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, बसंत राय, राजेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष कुंती चक्रधारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जीवनानी, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, महामंत्री मुन्ना चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर

जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ें। तिवारी ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इससे महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है। पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम आज समाज में दिख रहा है।

### महिला नेतृत्व को मिली मजबूती

जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े ने कहा कि भाजपा ने हमेशा संगठन और समाज में महिलाओं को अग्रणी भूमिका दी है। नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, इसलिए देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नारी शक्ति की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' से लेकर 'उज्ज्वला योजना' तक ने लाखों महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है।

### बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति

कार्यक्रम में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उर्मिला,पुष्पलता राजवाड़े,प्रियंका सिंह, साक्षी सिंह राजपूत,सीमा रानी सिंह,शिल्पा शर्मा,काजल मोदी,रीना शर्मा,पुष्पा राजवाड़े,अनीता गुप्ता,गीता गिरी,सविता मिश्रा,झर्मिला देवी,सावित्री देवांगन सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुई।

# दीनदयाल सांस्कृतिक भवन के लीजधारी को 59 लाख रुपये बकाया जमा करने का नोटिस जारी

-संवाददाता-

कोरबा, 14 नवंबर 2025 (घटती-घटना)। नगर पालिक निगम कोरबा ने पं. दीनदयाल सांस्कृतिक भवन के लीजधारी को नोटिस जारी किया गया है। नगर निगम ने बताया कि उक्त भवन का 10 वर्षीय लीज करार तय शर्तों के तहत आबंटित किया गया था, लेकिन लगातार सूचना देने के बावजूद किराया राशि जमा नहीं की बात बताई जा रही हैं। बताया जा रहा हैं की निगम के अनुसार, कुल बकाया राशि 59,11,786 रुपये हो गई है, जिसमें पूर्व बकाया ?39,95,956 माह अप्रैल 2025 से नवंबर 2025 तक ?10,14,032 के साथ 18त्न जीएसटी ?9,01,798 बताई जा रही हैं। इसके साथ ही विलंब शुल्क भी अलग से वसूला जाएगा। निगम ने चेतावनी दी है कि नोटिस प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर राशि जमा नहीं करने पर पंजीयन आबंटन शर्तों के अनुसार लीज निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। निगम ने स्पष्ट किया कि आगे की संपूर्ण जिम्मेदारी लीजधारी की स्वयं की होगी।


**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202510020700053**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2025-26
सपना प.ह.न. 00028 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण - फरीता
अनावेदक पक्षकार - छ0ग0 शासन

**ईश्तहार**

आवेदक फरीता आ0 रामसाय निवासी ग्राम सपना तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सपना स्थित भूमि खसरा नंबर 590/1 रकबा 0.138 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतू आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12.12.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/10/2025 को जारी किया जाता है।

सील
उमेश्वर सिंह बाज
तहसीलदार, अंबिकापुर



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मनोज अग्रवाल आ. रामनिवास अग्रवाल, उम्र लगभग 41 वर्ष निवासी भैयाथान रोड़ सूरजपुर, थाना व तहसील सूरजपुर, जिला- सूरजपुर छ0ग0 पिन नम्बर 497229 का निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ:-

1- मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम आरवा मित्तल ARWA MITTAL पिता का नाम है मनोज अग्रवाल MANOJ AGRAWAL जो मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेज में अंकित है। मेरी पुत्री की वर्तमान उम्र 17 वर्ष है।

2- मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड क्रमांक 474331174383 में मेरी पुत्री का नाम मिष्ठी MISHTHI पिता का नाम मनोज कुमार MANOJ KUMARअंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है।

3- मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम आरवा मित्तल ARWA MITTAL पिता का नाम मनोज अग्रवाल MANOJ AGRAWAL है इस कारण मेरी पुत्री के उपरोक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपर्ण नाम को सुधारकर उसके स्थान पर मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम उपरोक्तानुसार अंकित किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

4- मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री आरवा मित्तल ARWA MITTAL पिता का नाम है मनोज अग्रवाल MANOJ AGRAWAL के सही एवं वास्तविक नाम को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार पर आधर कार्ड में सुधार करवाने के समर्थन में शपथपत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
मनोज अग्रवाल
भैयाथान रोड, सूरजपुर, (छ.ग.)



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र020251102170020/अ-27/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवजी मिश्रा आ स्व. आदित्य मिश्रा, निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम सोनपुरकला स्थित भूमि खसरा नंबर 2/23 रकबा 0.269 हे0 भूमि का अपने जीवन काल में खाता बटवारा कराने बावत् आवेदन छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 (क) के तहत् प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05/12/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07/11/ /2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-2



## कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर,

अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

| स.क्र | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 178828 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | जिला कोण्डागांव के अंतर्गत एन. एच. 30 के कि.मी. 246 / 2 वनउसरी माकड़ी मार्ग के कि.मी. 2/2 नांरगी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 464.12 |
| 2 | 178842 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | जिला सरगुजा के दोरना असकला डेडहेली मार्ग पर गागर डडहौली नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 1021.17 |
| 3 | 178855 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | पी.एम. उषा योजनांतर्गत् जिला सरगुजा के राजीव गांधी शासकीय पी.जी. महाविद्यालय में जिला कन्या मल्टीपर्पज ट्रेनिंग सेंटर भवन अंबिकापुर का निर्माण कार्य । जमा मद । | 299.85 |
| 4 | 178866 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | जिला गरियाबंद के कौन्दकेरा - खुडियाडीह मार्ग के सरगी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 627.25 |
| 5 | 178869 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | जिला मुंगेली के ऊरईकछार - चुहियापारा - बघनीपारा मार्ग पर मनियारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 384.87 |
| 6 | 178864 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | जिला रायगढ़ के जामगांव से कोयलंगा मार्ग के कि.मी. 23/4 पर कुरू नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 534.50 |
| 7 | 178932 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला बलरामपुर रामानुजगंज के त्रिपुरी - जशपुर पहुंच मार्ग पर लावा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 617.30 |
| 8 | 178938 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला कबीरधाम वि.ख. पंडरिया के जंगलपुर - कुम्ही मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 460.80 |
| 9 | 178931 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला गरियाबंद के मुगिया झाराबहाल मार्ग पर नाला बेलाटजोर नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 263.35 |
| 10 | 178945 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला कोरिया के सोस से पेटमा मार्ग पर लोहंदिया नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 454.12 |
| 11 | 178954 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला दुर्ग में मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, दुर्ग परिक्षेत्र दुर्ग कार्यालय भवन एवं संभागीय कार्यालय दुर्ग (भ / स) के नया कार्यालय भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, सेप्टिक टैंक एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य । ( समूह निविदा) | 452.84 |
| 12 | 178956 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला राजनांदगांव वि.ख. छुरिया के चिरचारीखुर्द से खुर्सीटिकुल पहुंच मार्ग लंबाई 2.15 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 210.72 |
| 13 | 179047 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | राजनांदगांव-बैलाडिला मार्ग के कि.मी. 176/6 से 193 / 10 कुल 16.60 कि.मी. (गढ़बेंगाल से धौड़ाई - छोटेडोंगर मार्ग भाग - 01 ) में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित । | 5179.40 |
| 14 | 179044 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | राजनांदगांव - बैलाडिला मार्ग के कि.मी. 194/2 से 209/10 कुल 16.00 कि.मी. (गढ़बेंगाल से धौड़ाई - छोटेडोंगर मार्ग भाग - 02 ) में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित । | 5193.29 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 13, सं.क्र. 14 दिनांक 01.12.2025 निर्धारित है । एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 28.11.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

जी नंबर-252604729/1

मुख्य अभियंता,
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ, कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर



## बिहार चुनाव 2025 में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कोरिया जिले में जश्न

-रवि सिंह-

**कोरिया, 14 नवंबर 2025 (घटती-घटना)।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद कोरिया जिले के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार उत्सव मनाया। कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के मुख्य चौक पर आतिशबाजी की गई और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की। इस दौरान भाजपाइयों ने भारत माता की जय के गगनभेदी नारे लगाए,जश्न केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहा। जिलाध्यक्ष के निर्देश पर जिले के सभी प्रमुख नगरों,चौक-चौराहों पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जीत का उल्लास व्यक्त किया। नगर पंचायत पटना में नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह के नेतृत्व में जीत का उत्साह देखने को मिला। वहीं बैकुंठपुर,शिवपुर-चरचा, पटना,सोनहत सहित विभिन्न मंडलों में भाजपा पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों,मिठाई वितरण और आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा,पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष बसंत राय,राजेश सिंह,जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला मंत्री शारदा गुप्ता,प्रदीप तिवारी,बैकुंठपुर नपा अध्यक्ष नविता शिवहरे,चरचा नपाध्यक्ष अरुण जायसवाल,जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, कार्यालय मंत्री मंजू जीवनानी,मंडल अध्यक्ष अनिल खटीक,पूर्व नपा उपाध्यक्ष भानू पाल,पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मृदुली,प्रियंका सिंह,उर्मिला सिंह,महामंत्री मुन्ना चक्रधारी,सचिन मलिक,रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, बिजेंद्र जायसवाल,अन्नू दुबे,अरशद खान,सतेन्द्र राजवाड़े,अभिनेन्द्र चंदेल,शाहिद असरफी,स्वामीनाथ पटेल,नूर मोहम्मद, विवेक गुप्ता,जय चक्रधारी,विकास दुबे,मनोज साहू,दीपक जायसवाल,रमेश तिवारी,साक्षी सिंह राजपूत, सुरेश राजवाड़े, श्रीराम दुबे, उमाशंकर बंटी, चन्द्र प्रकाश राजवाड़े,सीमा सिंह,पीसी पांडेय,डॉ. सुधीर मिश्रा,रणविजय सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता।




## स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी की बैठक संपन्न

-संवाददाता-

**कोरिया, 14 नवंबर 2025 (घटती-घटना)।** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के नया रायपुर स्थित आवास में बालोद में आयोजित होने वाले प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी 2026 की तैयारियों हेतु भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य एवं जिला पदाधिकारियों तथा स्काउटर गाइडर की आकस्मिक बैठक का आयोजन विगत दिवस 12 नवंबर 2025 को किया गया,जिसमें उन्होंने जंबूरी के प्रस्तावित नक्शे के अनुसार आवास हेतु टेंट निर्माण कार्यक्रम हेतु एरिना एवं मंच निर्माण,पेयजल, शौचालय,स्नानागार,विद्युत,यातायात व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा हेतु हॉस्पिटल एवं सुरक्षा प्रबंधन की तैयारी पर विस्तार पूर्वक चर्चा किए। बैठक में प्रमुख रूप से राज्य मुख्य आयुक्त इन्द्रजीत सिंह खालसा, राज्य संघ कोषाध्यक्ष मुरली शर्मा,राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू,जिला अध्यक्ष दुर्ग अशोक कुमार देशमुख,राज्य एवं जिला संघ के विभिन्न पदाधिकारीगण, कोरिया जिले से जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू लीडर ट्रेनर (स्काउट) सहित विभिन्न जिलों के स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे। जिसके अंतर्गत युवा संसद, वन्दे मातरम् गीत गायन, छत्तीसगढ़ राज्य की सांस्कृतिक धरोहर करमा,सुवा,पंथी,डंडा, रावत नाचा, गेड़ी नृत्य की झलक एक ही मंच में एक साथ बड़े ही सुनियोजित तरीके से देखने को मिलेगा साथ ही छत्तीसगढ़ के पशु-पक्षियों,नदियों,पहाड़ों, पर्यटन स्थलों की झलक भी मिलेगी। मंत्री श्री यादव ने कहा यह आयोजन छत्तीसगढ़ के गौरव का प्रतीक बनेगा,जहाँ देशभर से लगभग 15 हजार स्काउट-गाइड एवं रोवर-रेंजर एक साथ भाग लेंगे। हमें इसे 'मिनी इंडिया' के रूप में प्रस्तुत कर राष्ट्रीय एकता और युवा शक्ति का संदेश देना है। जहां एक ओर हम छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ मना रहे हैं वहीं हमारे राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं जिसकी झलक विशेष तौर पर जंबूरी में देखने को मिलेगी।

## अच्छी बारिश और बढ़े समर्थन मूल्य से किसान खुश

-संवाददाता-

**कोरबा, 14 नवंबर 2025 (घटती-घटना)।** ग्राम पतरापाली के किसान राजाराम राठिया के चेहरे पर इन दिनों खुशी झलक रही है। कुछ महीने पहले तक जो चेहरे चिंता की लकीरों से भरे थे, अब वही चेहरे मेहनत की फसल देखकर खिल उठे हैं। पहाड़ी इलाके में कठिन परिश्रम कर खेत जोतने और धान बोने वाले किसान राजाराम को अब राहत है कि इस साल बारिश ने उनका साथ दिया। राजाराम बताते हैं कि जून-जुलाई के महीनों में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने बीज बोए थे,लेकिन दिल में यह डर भी था कि कहीं बारिश धोखा न दे। उनकी मेहनत रंग लाई-खेत लहलहा उठे और अब वे पकी फसल की कटाई कर खलिहान तक पहुंचाने में जुटे हैं। किसान राजाराम राठिया कहते हैं कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल कर देना हम किसानों के लिए बहुत बड़ा तोहफा है। इसके साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी का निर्णय किसानों को आर्थिक संबल देगा। लगभग 20 एकड़ में फसल लेने वाले राजाराम ने बताया कि कटाई का काम अंतिम चरण में है और जल्द ही वे अपनी उपज कोरकोमा धान उपार्जन केंद्र में बेचेंगे। उनका पंजीयन भी पूरा हो चुका है। राजाराम की पत्नी जानकी बाई राठिया कहती हैं कि हम सबने मिलकर धान बोया था, आज उसे पकते और लहलहाते देखना बहुत सुखद है। पहले कई बार बारिश की कमी से फसल खेतों में ही सूख जाती थी, पर इस बार मौसम ने साथ दिया और मेहनत सफल हुई। पतरापाली क्षेत्र के किसानों के लिए यह मौसम उम्मीदों और खुशियों का संगम लेकर आया है। खेतों में झूमती फसलें, खलिहानों में पहुंचते धान के ढेर और किसानों के चेहरों पर मुस्कान कृ यह सब मिलकर एक नई कहानी कह रहे हैं कि जब मेहनत और मौसम दोनों साथ हों, तो किसानी सचमुच खुशहाली का पर्याय बन जाती है।



# बैकुंठपुर विधानसभा में बढ़ी राजनीतिक हलचल

# पूर्व विधायक पर नाराजगी

## अशोक जायसवाल टिकट रेस में आए सबसे आगे

**कांग्रेस से टिकट के मजबूत दावेदार के रूप में उभरते दिख रहे हैं अशोक जायसवाल**

**बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी की टिकट के प्रबल दावेदार बन सकते हैं अशोक जायसवाल**

**लगातार बढ़ती सक्रियता और जनसंपर्क अभियान ने बढ़ाई चर्चा,पूर्व विधायक के कार्यकाल की कमियां भी दे सकती हैं बढ़त**

**अशोक जायसवाल की बढ़ती सक्रियता का इशारा साफ,चुनाव में ताल ठोकने उनकी तैयारी है जारी**

### अशोक जायसवाल, राजनीति का बेदाग चेहरा

अशोक जायसवाल को बैकुंठपुर की राजनीति में एक बेदाग और साफ-सुथरी छवि वाला नेता माना जाता है। उन पर कभी किसी प्रकार के भ्रष्टाचार,गुटबाजी अथवा मनमानी का आरोप नहीं लगा। वर्षों से वह संगठन के प्रति समर्पित रहे हैं।

### बड़े नेताओं का विश्वास और सर्वे रिपोर्ट तय करेगी टिकट

कांग्रेस में टिकट चयन प्रक्रिया पिछले चुनावों की तरह सर्वे रिपोर्ट,जमीन पर पकड़ और जनविश्वास के आधार पर तय होती है। ऐसे में अशोक जायसवाल की बढ़ती सक्रियता और संगठन में उनकी स्वीकार्यता उन्हें मजबूत स्थिति में खड़ा करती है।

### कांग्रेस के प्रति अटूट समर्पण,इसका उदाहरण जिला कांग्रेस कार्यालय

अशोक जायसवाल कांग्रेस के उन नेताओं में गिने जाते हैं, जिनका पार्टी के प्रति समर्पण कभी कमजोर नहीं पड़ा। जिला कांग्रेस कार्यालय के निर्माण से लेकर हर आंदोलन और कार्यक्रम में उनकी सहभागिता उनकी प्रतिबद्धता को साबित करती है।

### हर चुनाव में निभाई जिम्मेदारी, ईमानदार भूमिका

चुनाव चाहे पंचायत का हो,नगर निकाय का हो या विधानसभा का अशोक जायसवाल हमेशा कांग्रेस के लिए एक समर्पित कार्यकर्ता की तरह मैदान में दिखे हैं। पार्टी रणनीतियों और प्रबंधन में भी उनकी भूमिका मजबूत रही है।



-रवि सिंह-

**कोरिया, 14 नवंबर 2025 (घटती-घटना)।** आगामी विधानसभा चुनाव भले ही अभी तीन वर्ष दूर हों,लेकिन बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक हलचलें तेज़ हो चुकी हैं,कांग्रेस पार्टी के भीतर अब चर्चा का केंद्र बने हुए हैं अशोक जायसवाल,जो पिछले कुछ महीनों से लगातार क्षेत्र में सक्रिय नजर आ रहे हैं,उनकी बढ़ती सक्रियता और जनता के बीच निरंतर उपस्थिति को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वे कांग्रेस से टिकट के प्रबल दावेदार हो सकते हैं।

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा से क्या इस बार कांग्रेस पार्टी से अशोक जायसवाल भी दावेदारी टिकट के लिए करने वाले हैं? क्या वह विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं? ऐसा सवाल इसलिए क्योंकि उनकी सक्रियता विधान सभा क्षेत्र में बढ़ती जा रही है और वह लगातार जन संपर्क और क्षेत्र भ्रमण करते नजर आ रहे हैं,उनकी सक्रियता जिस तेजी से बढ़ी हुई नजर आ रही है उसको देखते हुए यह कहा जा सकता है कि वह पूरी तैयारी में हैं और वह अभी से क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं और यह जता रहे हैं कि वह टिकट मिलने पर चुनाव लड़ने तैयार हैं, 25 वर्ष के छत्तीसगढ़ प्रदेश में



प्रथम 3 साल कांग्रेस की सरकार स्थापित रही वहीं 15 सालों तक भाजपा का शासन रहा वहीं 15 सालों बाद जब कांग्रेस सत्ता तक पहुंच सकी तब आपसी गुटबाजी और विधायकों के खराब प्रदर्शन के कारण वह एक पंचवर्षीय कार्यकाल ही पूरा कर सकी और कांग्रेस की पुनः प्रदेश से विदाई हो गई, बैकुंठपुर विधानसभा में भी कांग्रेस 10 सालों बाद वापसी कर सकी थी लेकिन यहां भी विधायक के खराब प्रदर्शन और पार्टी में ही तालमेल स्थापित नहीं करने की वजह से उन्हें बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा,कांग्रेस से विधायक बैकुंठपुर रही पूर्व विधायक भी आगामी चुनाव में दावेदारी करेंगी लेकिन उनकी दावेदारी इस बार मजबूत नहीं मानी जाएगी ऐसी परिस्थितियां आज ही नजर आती हैं,कांग्रेस बैकुंठपुर विधानसभा में वापसी के लिए यदि प्रयास करती है तो उसे प्रत्याशी चयन में ध्यान देना होगा और तभी वह वापसी के बारे में सोच सकती है,अशोक जायसवाल को लेकर यह माना जाता है कि वह कांग्रेस के हिसाब से यह विधानसभा जितने में बेहतर प्रत्याशी साबित हो सकते हैं और यही कारण है कि वह लगातार जन संपर्क में लगे हुए हैं,अशोक जायसवाल एक बार जिला मुख्यालय की नगर पालिका के अध्यक्ष रह चुके हैं वहीं दूसरी बार में भी वह कुर्सी तक पहुंच गए थे लेकिन तब उन्हें भीतरघात के कारण कुर्सी से हांथ धोना पड़ा था,दो दो बार नगर पालिका चुनाव में मिला उन्हें जन समर्थन उनके पक्ष में जनाधार साबित करता है और इस हिसाब से भी वह कांग्रेस से एक प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।

### एक झलक में...

- अशोक जायसवाल का बढ़ता जनाधार—कांग्रेस टिकट के प्रबल दावेदार के रूप में उभरे
- जनसंपर्क अभियान ने बढ़ाई चर्चा, बैकुंठपुर से अशोक जायसवाल लड़ सकते हैं विधानसभा चुनाव
- पूर्व विधायक पर नाराजगी, अशोक जायसवाल टिकट रेस में सबसे आगे
- ग्राउंड एक्टिविटी ने दिलाई बढ़त—अशोक जायसवाल के नाम पर बैकुंठपुर में बढ़ी चर्चा
- लगातार जनसंपर्क से बढ़ा प्रभाव,बैकुंठपुर में कांग्रेस का नया चेहरा बन सकते हैं अशोक जायसवाल
- कांग्रेस की रणनीति बदल सकती है दिशा—बैकुंठपुर में अशोक जायसवाल उपयुक्त दावेदार
- दो बार नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके अशोक जायसवाल—अब विधानसभा के लिए तैयार
- कांग्रेस को चाहिए नया नेतृत्व? बैकुंठपुर से अशोक जायसवाल बने संभावित विकल्प
- बैकुंठपुर में चुनावी समीकरण बदलते नजर आ रहे,अशोक जायसवाल बना रहे अपनी मजबूत पकड
- गुटबाजी के दौर में कांग्रेस को मिला मजबूत चेहरा—अशोक जायसवाल
- जनता में पैठ और संगठन की स्वीकार्यता ने बनाई बढ़त—अशोक जायसवाल टिकट की कतार में सबसे आगे
- बैकुंठपुर की राजनीति में नया उभार, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पहली पसंद बने अशोक जायसवाल

### लगातार क्षेत्र भ्रमण और जनसंपर्क अभियान से बढ़ी चर्चा

अशोक जायसवाल इन दिनों लगातार क्षेत्र भ्रमण में जुटे हुए हैं। उन्होंने नवरात्रि से ही जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया,और प्रत्येक सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंचकर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं,दुर्गा पूजा पंडालों से लेकर ग्राम स्तर के आयोजनों तक उनकी उपस्थिति दर्ज नजर आ रही है। स्थानीय राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि–जायसवाल जनता से सीधा संवाद बनाकर कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा भरने की कोशिश कर रहे हैं। तीन साल पहले से शुरू यह अभियान उन्हें आने वाले चुनाव में मजबूत स्थिति दे सकता है।

### पूर्व विधायक के कार्यकाल की कमियां उनके लिए बन सकती हैं सहायक

कांग्रेस की पूर्व विधायक के कार्यकाल में बैकुंठपुर क्षेत्र में गुटबाजी और संगठनात्मक कमजोरी प्रमुख मुद्दे रहे हैं, पार्टी में सामंजस्य की कमी और जनसंपर्क के अभाव के कारण कांग्रेस को पिछली बार बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अशोक जायसवाल जैसी मिलनसार और सर्वमान्य छवि वाले चेहरे को संगठन एक संतुलित विकल्प के रूप में देख सकता है,पार्टी सूत्रों के अनुसार,यदि कांग्रेस को बैकुंठपुर में पुनः पकड़ बनानी है,तो उसे सक्रिय और जनाधार वाले उम्मीदवार को मौका देना होगा, और अशोक जायसवाल इस कसौटी पर फिट बैठते हैं। कांग्रेस से बैकुंठपुर विधायक रही पूर्व विधायक का 5 सालों का कार्यकाल बैकुंठपुर विधानसभा के लोगों ने देखा है,पूर्व विधायक का कार्यकाल जन अपेक्षाओं अनुसार सही नहीं था इसलिए उन्हें बुरी हार का सामना करना पड़ा,पूर्व विधायक के कार्यकाल में कांग्रेस पार्टी कई धड़ों में बंट चुकी थी और जिसमें आपसी सामंजस्य बिल्कुल स्थापित नहीं हुआ 5 सालों तक और परिणाम बुरी हार का सामने आया,पूर्व विधायक ने संगठन और वरिष्ठ कांग्रेसियों को हाशिए पर डालने का काम किया था और यह भी एक कारण रहा कि चुनाव में किसी की भी सक्रियता जुझारू प्रवृति वाली नजर नहीं आई,अशोक जायसवाल मिलनसार व्यक्तिव के धनी माने जाते हैं जो पूर्व विधायक की छवि से अलग जाकर सभी को पसंद आने वाली छवि है और अशोक जायसवाल यदि टिकट की दावेदारी करते हैं तो यह उनके लिए एक मददगार विषय है,वैसे जनता के बीच भी यह छवि उन्हें पूर्व से बेहतर साबित करता है और वह कहीं न कहीं पूर्व की अपेक्षा अधिक पसंद किए जाएंगे।

### कांग्रेस के लिए चुनौती, संगठन में सामंजस्य और विश्वास बहाली...

कांग्रेस पार्टी के लिए बैकुंठपुर विधानसभा हमेशा से महत्वपूर्ण रही है, यह क्षेत्र कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए समान रूप से प्रतिस्पर्धी रहा है, लेकिन पिछले कार्यकाल में कांग्रेस की हार ने यह संकेत दिया कि पार्टी को अब जमीनी नेतृत्व और जनता से जुड़ाव पर ज्यादा ध्यान देना होगा, यदि पार्टी युवाओं और अनुभव दोनों का संतुलन बनाकर प्रत्याशी चुनती है, तो अशोक जायसवाल जैसी छवि वाले नेता उसके लिए जीत का सूत्र साबित हो सकते हैं।

### राजनीतिक विश्लेषण: क्या बैकुंठपुर में कांग्रेस का नया चेहरा तय है?

बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र अपेक्षाकृत भौगोलिक रूप से सघन और सुलभ क्षेत्र है, जहां नियमित जनसंपर्क अभियान राजनीतिक प्रभाव बना सकता है। अशोक जायसवाल जिस तरह से तीन साल पहले से तैयारी में जुटे हैं, वह बताता है कि उन्होंने चुनाव को लेकर रणनीतिक सोच बनाई है, पार्टी की आंतरिक स्थिति और भविष्य के समीकरणों को देखते हुए, वे निश्चित रूप से टिकट के प्रबल दावेदारों में शामिल माने जा रहे हैं।

### दो बार नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके हैं अशोक जायसवाल

अशोक जायसवाल पहले जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके हैं। दो बार की जीत ने उनके जनाधार को मजबूती से स्थापित किया। दूसरी बार के कार्यकाल में भीतरघात के चलते उन्हें पद से हटना पड़ा, परंतु जनता के बीच उनका प्रभाव आज भी कायम है। यही कारण है कि उन्हें कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों की सूची में सबसे ऊपर माना जा रहा है।

### निष्कर्ष:प्रत्याशी चयन सबसे बड़ी चुनौती होगी

बैकुंठपुर विधानसभा में कांग्रेस को यदि आगामी चुनाव में वापसी करनी है,तो प्रत्याशी चयन सबसे बड़ी चुनौती होगी,ऐसे में अशोक जायसवाल का जनाधार, सक्रियता, बेदाग छवि और संगठनात्मक पकड़ उन्हें टिकट के प्रबल दावेदारों में शामिल कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि कांग्रेस समय रहते सही चयन करे,तो बैकुंठपुर से पार्टी की वापसी संभव है।

### नगर पालिका से लेकर विधानसभा तक के सफर का इरादा,अनुभव और जनाधार दोनों

अशोक जायसवाल दो बार नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रह चुके हैं, पहली बार प्रचंड जनसमर्थन के साथ जीतने के बाद दूसरी बार भी वे कुर्सी तक पहुंचे, हालांकि उस समय अंदरूनी विरोध के कारण उन्हें पद छोड़ना पड़ा,इसके बावजूद उनका स्थानीय जनाधार मजबूत बना हुआ है, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नगर निकाय स्तर का अनुभव और संगठन के साथ स्थायी जुड़ाव उन्हें विधानसभा चुनाव के लिए व्यावहारिक उम्मीदवार बनाता है।

## मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए...

# रायपुर स्टेडियम को लीज पर चलाएगा छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ

## धान खरीदी के लिए 15,000 करोड़ की गारंटी

**रायपुर, 14 नवम्बर 2025।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय (महानदी भवन) में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इनमें नवा रायपुर क्रिकेट स्टेडियम छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को लीज पर देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा धान खरीदी के लिए 15,000 करोड़ की गारंटी और 11,200 करोड़ अतिरिक्त स्वीकृति दी गई है। सार्वजनिक उपक्रम विभाग का वाणिज्य-उद्योग विभाग में विलय। बीस सूत्रीय विभाग का योजना-आर्थिक-सांख्यिकी विभाग में विलय किया जाएगा। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ शासन कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन करते हुए सार्वजनिक उपक्रम विभाग को वाणिज्य और उद्योग विभाग में और बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग का संविलियन योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।यह निर्णय शासकीय कार्य में सुशासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य ''मिनिमम गवर्मेंट मैक्सिमम गवर्नेंस'' का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। मंत्रिपरिषद ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं हेतु स्वीकृत 15 हजार करोड़ रूपए की शासकीय प्रत्याभूति को खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए पुनर्वेधीकरण करने के साथ ही विपणन संघ को अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि रूपये 11,200 करोड़ प्रदाय किए जाने का निर्णय लिया। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य प्रवर्तित दीनदयाल आवास योजना, अटल आवास योजना, अटल विहार योजना एवं नवा रायपुर मुख्यमंत्री आवास योजना हेतु पूर्व में जारी नियम एवं शर्तों में पात्रता हेतु निम्नलिखित अतिरिक्त प्रावधानों का समावेश कर विक्रय की अनुमति प्रदान की गई। ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों के विक्रय हेतु 03 बार विज्ञापन होने के पश्चात अविक्रित भवनों को, पात्र हितग्राही के अतिरिक्त किसी भी आय वर्ग के हितग्राही को विक्रय किया जा सकता है, परन्तु ऐसे हितग्राहियों को शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नही होगी। अनुदान की पात्रता केवल निर्धारित आय वर्ग के हितग्राही को ही होगी। ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों,फ्लैटों के विक्रय हेतु 03 बार विज्ञापन होने के पश्चात अविक्रित भवनों को एकल व्यक्ति या शासकीय/अर्धशासकीय अथवा निजी संस्थाओं द्वारा एक से अधिक संपत्ति क्रय करने का प्रस्ताव दिया जाता है, तो एकल व्यक्ति या शासकीय/अर्धशासकीय अथवा निजी संस्था के नाम पर एक से अधिक भवनों को मांग अनुसार विक्रय किया जा सकेगा, परन्तु इन्हें शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नही होगी। इस निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा,ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को इसका लाभ मिले।





### दलहन-तिलहन का समर्थन मूल्य खरीदी जारी रहेगी...

इसके साथ ही दलहन-तिलहन का समर्थन मूल्य पर उपार्जन PSS योजना के तहत जारी रहेगा। EWS-LIG के अविकृत मकान किसी भी आय वर्ग को बेचने की अनुमति दी गई है। बल्क पर्चेस में व्यक्ति/संस्था कई मकान खरीद सकेगी, लेकिन सरकार से कोई अनुदान नहीं मिलेगा।

### कैबिनेट मीटिंग में एक महीने पहले लिए गए 3 निर्णय...

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट मीटिंग हुई। बैठक में 3 प्रमुख फैसले लिए गए। दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए 24.50 करोड़ रुपए की बकाया राशि एकमुश्त चुकाने का निर्णय लिया गया था। साथ ही 100 स्पेशल एजुकेटर की भर्ती करने का फैसला भी लिया गया। साथ ही शासकीय सेवकों को आकस्मिक वित्तीय जरूरत पर वेतन के विरुद्ध अल्पावधि ऋण उपलब्ध करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी। सरकारी कर्मचारियों की अचानक आने वाली वित्तीय जरूरतों को देखते हुए उन्हें वेतन के विरुद्ध अल्पकालिक ऋण देने का फैसला लिया गया।

*शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर अटल नगर को दीर्घ कालीन पूर्णतः संचालन और विकास कार्यों हेतु छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को अनुबंध के अनुसार लीज पर देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस निर्णय से राज्य के उदीयमान क्रिकेट खिलाड़ियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण और तकनीकी सुविधाएं प्राप्त होगी। इस निर्णय से छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के और अधिक क्रिकेट मैच का आयोजन सुनिश्चित होगा।*

## बीजापुर जिले में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट,एक जवान घायल

**रायपुर, 14 नवम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों का नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है। इस बीच, बीजापुर जिले में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। वहीं,दूसरी ओर नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में सुरक्षाबलों ने नया कैंप स्थापित कर नक्सलियों के भव्य स्मारक को ध्वस्त कर दिया है।

**बीजापुर में मुठभेड़,जवान घायल :** जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आकर एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को तत्काल इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है। आईईडी ब्लास्ट के बाद भी सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्चिंग अभियान पूरी सतर्कता के साथ जारी रखा है।



### नारायणपुर में कैंप स्थापित,नक्सली स्मारक ध्वस्त...

बीजापुर में जहां एक जवान घायल हुआ है,वहीं नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जाटलूर में सुरक्षाबलों ने नया सुरक्षा कैंप स्थापित कर लिया है। यह कैंप ग्रामीणों को सुरक्षा के साथ ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोला गया है। छत्तीसगढ़ पुलिस के विशेष दस्ते डीआरजी,बस्तर फाइटर और केंद्रीय अर्धसैनिक बल आईटीबीपी ने संयुक्त अभियान चलाते हुए नक्सली संरचनाओं को निशाना बनाया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के भव्य स्मारक को भी ध्वस्त कर दिया। यह स्मारक लंबे समय से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों का प्रतीक था।

## हाईकोर्ट सख्त : सरेंडर के लिए मिले समय से पहले आरोपी को दबोचा,सरकार 10 हजार मुआवजा दे..

**बिलासपुर, 14 नवम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक मामले में पुलिस की कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने हत्या के आरोपी को सरेंडर करने के लिए एक महीने का समय दिया था,लेकिन तय समय सीमा से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने इस मामले को मौलिक अधिकारों का हनन माना है। कोर्ट ने पुलिस की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए राज्य सरकार को आदेश दिया है कि याचिकाकर्ता को दो सप्ताह के भीतर 10 हजार रुपए मुआवजा दिया जाए।

### तय समय से पहले हुई गिरफ्तारी...

दरअसल, हाई कोर्ट ने 8 अक्टूबर 2025 को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हत्या के आरोपी विजय चौधरी और अन्य को एक महीने के भीतर ट्रायल कोर्ट में आत्मसमर्पण करने का समय दिया था। यह अवधि 8 नवंबर तक वैध थी। लेकिन सिविल लाइन थाने के टीआई ने कोर्ट के आदेश को नजरअंदाज करते हुए 29 अक्टूबर को ही विजय चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। विजय चौधरी ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए हाई कोर्ट में चुनौती दी।



### एसएसपी के तर्क को कोर्ट ने नामंजूर किया...

हाई कोर्ट के नोटिस के जवाब में एसएसपी रजनेश सिंह की तरफ से शपथपत्र प्रस्तुत किया गया। इसमें बताया गया कि उन्हें विश्वसनीय सूचना मिली थी कि याचिकाकर्ता कोई अन्य अपराध कर सकता है, इसलिए गिरफ्तारी जरूरी थी। लेकिन चीफ जस्टिस सिन्हा की बेंच ने इस तर्क को नामंजूर कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जब हाई कोर्ट ने आत्मसमर्पण की समय सीमा तय कर दी थी, तब पुलिस को एकतरफा कार्रवाई करने के बजाय कोर्ट से अनुमति लेनी चाहिए थी।

**कोर्ट ने इसे मौलिक अधिकारों का हनन माना :** हाई कोर्ट ने स्पष्ट रूप से माना कि पुलिस की यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 20 और 21 के तहत जीवन और .व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी खुफिया इनपुट के आधार पर न्यायिक आदेश को दरकिनार नहीं किया जा सकता। हालांकि, पुलिस ने अपनी कार्रवाई पर बिना शर्त माफी मांगी, जिसे हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही सरकार को विजय चौधरी को दो सप्ताह में 10 हजार रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया गया है।

**क्या है चर्चित हत्याकांड का पूरा मामला :** यह पूरा मामला 22 नवंबर 2013 का है,जब मंगला चौक निवासी होटल व्यवसायी दशरथ लाल खंडेलवाल (85) और उनकी पत्नी विमला देवी (70) पर नकाबपोश हमलावरों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार किए थे। इस हमले में दशरथ खंडेलवाल की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में घोर लापरवाही बरती,जिसके चलते चार माह देर से हुई गिरफ्तारी के कारण आरोपियों को सबूतों के अभाव में निचली अदालत से संदेह का लाभ मिला और वे छूट गए थे।


**अपील में हुई सजा :** राज्य शासन ने इस दोषमुक्त आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अपील स्वीकार करते हुए आरोपियों के दोषमुक्त आदेश को रद्द कर दिया और उन्हें कोर्ट में सरेंडर करने के लिए एक माह का समय दिया था, जिसके बाद पुलिस ने विजय चौधरी को तय समय से पहले गिरफ्तार कर लिया।

## छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी को झारखंड एसीबी ने किया अरेस्ट



**बिलासपुर, 14 नवम्बर 2025।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची, झारखंड ने शुक्रवार को वेलकम डिस्टिलरीज़ प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राजेंद्र जायसवाल को गिरफ्तार किया। राजेंद्र जायसवाल उर्फ चुन्नू बाबु पिता गणेश प्रसाद जायसवाल झारखंड शराब घोटाले में संदिग्ध के रूप में नामित किए गए थे। बिलासपुर जिले के कोटा छेरकाबांधा स्थित वेलकम डिस्टिलरीज़ छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में भी आरोपी है और न्यायालय ने कंपनी को इस संबंध में तलब किया है। दोनों राज्यों में चल रही जांच को आपस में जुड़ा माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कथित घोटाले की शुरुआत छत्तीसगढ़ से हुई थी। बाद में इसी मॉडल को झारखंड में भी अपनाए जाने के आरोप सामने आए जिसका उद्देश्य निजी हित साधना और अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करना बताया जा रहा है। अंतरराज्यीय सिंडिकेट से जुड़े इस मामले में जांच एजेंसियां कई व्यक्तियों और कंपनियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। झारखंड एसीबी की टीम शुक्रवार को बिलासपुर पहुँची और स्थानीय पुलिस की सहायता से राजेंद्र जायसवाल चुन्नु बाबु को हिरासत में लिया। जांच में उनकी भूमिका संदिग्ध पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तारी बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं और अवैध शराब कारोबार से जुड़े आरोपों के आधार पर की गई है। मामला फिलहाल जांचाधीन है।

## अपराधी को दिल दे बैठी लड़की,होटल से गिरफ्तारी के दौरान पिस्टल भी जब्त



**कोरबा, 14 नवम्बर 2025।** जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है,जहां फ्री फायर खेलते बिहार के लड़के को कोरबा की लड़की से प्यार हो गया। प्रेमिका से मिलने युवक कोरबा आकर श्री राम डोमेट्री होटल के रूम नंबर 103 में रुका था। पुलिस अचानक होटल की जांच करने पहुंची तो हैरान रह गई। पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। होटल में बिहार के युवक को पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़ा गया। इस मामले में पुलिस ने होटल संचालक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी राहुल सिंह से पूछताछ शुरू की। इस दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। युवक ने बताया कि कोरबा निवासी एक युवती से फ्री फायर गेम के माध्यम से दोस्ती हुई।

## बिलासपुर में सिंचाई विभाग में 53 लाख का एपीएस घोटाला

### काम पूरा किए बगैर ठेकेदार को भुगतान,अब फाइनल-बिल रोकने का दावा कर रहे अफसर

**बिलासपुर, 14 नवम्बर 2025।** बिलासपुर में सिंचाई विभाग में 53 लाख रुपए का एपीएस घोटाला सामने आया है। विभाग के अफसरों ने नियमों को दरकिनार कर ठेकेदार को एपीएस की राशि का भुगतान कर दिया है। जबकि, अभी तक ठेकेदार ने काम पूरा ही नहीं किया है। मामला कोटा डिवीजन में दबेना एनीकट निर्माण का है। अब अनियमितता सामने आने पर कार्यपालन अभियंता ने ठेकेदार के फाइनल बिल का भुगतान रोकने का दावा किया है। बताया जा रहा है एपीएस की राशि विभाग में वापस जमा नहीं कराई जाएगी, तब यह फाइनल पेमेंट नहीं होगा।

**पूरा मामला :** दरअसल, जल संसाधन संभाग के कोटा डिवीजन में 5.20 करोड़ की लागत से दबेना में एनीकट का निर्माण किया जा रहा है। इसमें बड़े



पैमाने पर गड़बड़ी उजागर हुई है। एनीकट बनाने के लिए श्रृंगार कंस्ट्रक्शन्स के ठेकेदार को टेंडर मिला है, जिसने बिलो रेट में टेंडर लिया है। इस काम को पूरा कराने के लिए ठेकेदार से अतिरिक्त सुरक्षा निधि के तौर पर 53 लाख रुपए जमा कराई गई। नियम के अनुसार कोई भी ठेके में अतिरिक्त सुरक्षा निधि का भुगतान उसी शर्त में किया जाता है, जब ठेकेदार उस काम को पूरा करे। लेकिन, यहां तत्कालीन कार्यपालन अभियंता एवं मुख्य अभियंता ने काम पूरा होने के पहले ही जून 2024 में ठेकेदार को 53 लाख रुपए अतिरिक्त सुरक्षा निधि का भुगतान कर दिया है।

**अब काम पूरा होने पर फाइनल बिल रोकने का दावा :** अफसरों ने काम पूरा होने के पहले ही ठेकेदार को एपीएस का भुगतान कर दिया। अधिकारियों ने ठेकेदार को व्यक्तिगत लाभ देने के लिए यह गड़बड़ी की है। वहीं, अब दावा किया जा रहा है कि ठेकेदार ने एनीकट का काम पूरा कर लिया है। एपीएस की भुगतान की जानकारी उन्हें बाद में हुई। लिहाजा, ठेकेदार को फाइनल बिल का भुगतान तभी किया जाएगा, जब वो एपीएस की राशि दोबारा विभाग में जमा करेगा। अतिरिक्त सुरक्षा निधि वह राशि है, जो ठेकेदार से किसी कार्य को ठेके की निर्धारित दर से एबब या अधिक दर पर लेने की स्थिति में विभाग में जमा कराई जाती है। कार्य पूर्ण हो जाने एवं विभाग द्वारा ठेकेदार के कार्य से संतुष्ट होने की स्थिति में यह राशि संबंधित ठेकेदार को वापस लौटा दी जाती है। जशपुर जिले में मांड नदी पर सुसडेगा व्यपवर्तन योजना में तत्कालीन कार्यपालन अभियंता द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए 2.93 करोड़ की एपीएस निधि ठेकेदार को कार्य पूर्ण होने के पहले ही भुगतान कर दिया था।

## सूदखोर तोमर को 14 दिन की जेल...बोला...मैं अपराधी नहीं हूं


**रायपुर, 14 नवम्बर 2025।** रायपुर पुलिस ने दलबल के साथ शुक्रवार को सूदखोर वीरेंद्र तोमर को जिला कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तोमर को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया है। पूछताछ में वीरेंद्र तोमर ने अपने छुपने के ठिकानों और कुछ प्रॉपर्टी की जानकारी भी पुलिस को दी है। इस दौरान कोर्ट परिसर में वीरेंद्र तोमर ने कहा कि मैं अपराधी नहीं हूं, मुझे फंसाया जा रहा। मेरे परिवार को आतंकी बनाया जा रहा है। परिवार को जबरन फंसाया जा रहा है। इस दौरान समर्थकों ने केंद्रीय जेल के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी भी की। वहीं वीरेंद्र तोमर का भाई रोहित तोमर अभी फरार है। रोहित की तलाश में रायपुर पुलिस अलग-अलग ठिकानों में छापेमारी कर रही है। तेलीबांधा थाना और पुरानी बस्ती थाने में वीरेंद्र और रोहित के खिलाफ



सूदखोरी, आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने सूदखोर वीरेंद्र तोमर के जुलूस निकालने का विरोध किया है। सोशल मीडिया पर 1 घंटे तक लाइव आकर समाज के लोगों से कहा कि पुलिस ने गलत किया है। तोमर कोई आतंकवादी था क्या, जिसका जुलूस निकाला गया। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज के लाखों लोग बहुत जल्द रायपुर कूच करेंगे।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा की तारीख जारी 20 केंद्रों में दो पालियों में होगी परीक्षा

**रायपुर, 14 नवम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है. परीक्षा प्रदेश के 20 केंद्रों में दो पालियों में एक फरवरी को संपन्न होगी। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 13 नवंबर से 9 दिसंबर तक ऑनलाइन फार्म भरे जाएंगे. 9 दिसंबर को शाम 6 बजे तक त्रुटि सुधार का अवसर दिया जाएगा. एक फरवरी को दो पालियों में परीक्षा संपन्न होगी। पहली पाली में पहली से लेकर पांचवीं कक्षा तक के अध्यापन के लिए सुबह 9.30 से 12.15 बजे तक और दूसरी पाली




में छठवीं से लेकर आठवीं कक्षा तक के अध्यापन के लिए दोपहर 3 से शाम 5.45 बजे तक परीक्षा होगी। इसके लिए 20 जिला मुख्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।


## राजसात आदेश पर हाई कोर्ट का स्टे : 19 एकड़ जमीन पर जल्दबाजी दिखाना निगम को पड़ा महंगा..

**बिलासपुर, 14 नवम्बर 2025।** तिफरा सेक्टर-डी की 19 एकड़ बहुमूल्य भूमि पर नगर निगम की जल्दबाजी उसे भारी पड़ गई। हाई कोर्ट ने निगम की उस कार्रवाई पर तत्काल रोक (स्टे) लगा दी है, जिसमें उसने अदालत में सुनवाई से कुछ ही घंटे पहले कॉलोनी को राजसात घोषित कर दिया था। जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू की बेंच ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसी जल्दबाजी न्यायिक प्रक्रिया को कमजोर करती है।

**सुनवाई से पहले ही निगम ने जारी कर दिया आदेश :** हाई कोर्ट रिकॉर्ड के अनुसार, 4 नवंबर को नोटिस जारी होने के बाद नगर निगम ने 12 नवंबर को ही अपना जवाब कोर्ट में पेश कर दिया था। इसका मतलब था कि मामला न्यायालय के सामने लंबित था और सुनवाई के लिए तारीख तय हो चुकी थी। इसके बावजूद,



गुरुवार सुबह निगम ने विवादित जमीन को राजसात करने का आदेश जारी कर दिया। याचिकाकर्ता सुरेंद्र जायसवाल ने हाई कोर्ट में दलील दी कि यह आदेश जानबूझकर जल्दबाजी में जारी किया गया ताकि सुनवाई से पहले ही जमीन पर कब्जा लिया जा सके। दोपहर की सुनवाई में अदालत ने निगम की कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल रोक लगा दी। जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू की बेंच ने साफ कहा कि कानूनी प्रक्रिया पूरी हुए बिना राजसात आदेश जारी करना उचित नहीं है।निगम की ओर से 10 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी,जिसने कॉलोनी की प्लॉटिंग को अवैध बताया था। इसी समिति की अनुशंसा पर निगम अधिनियम की धारा 292-ग और 292-छ के तहत कार्रवाई शुरू की गई थी। निगम ने दावा किया था कि 33 दावा आपत्तियों का निपटारा कर दिया गया है। हालांकि, कॉलोनाइजर सुरेंद्र जायसवाल का कहना था कि निगम की तरफ से जारी सभी नोटिसों को पहले ही हाई कोर्ट में चुनौती दी जा चुकी थी, इसलिए राजसात आदेश स्वतः ही अवैध हो जाता है। कोर्ट ने इसी दलील को मानते हुए निगम की इस कार्यवाही पर रोक लगा दी।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050,डॉक रजिस्टर्ड क्र.:-13/सरगुजा/डीएन/2023-2025-मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)